आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



# महाकुंभ में कल जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 5 फरवरी को प्रयागराज के दौरे पर होंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस दौरान संगम में पवित्र स्नान करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज उप्र के सीएम प्रयागराज में हैं।

पीएम मोदी पांच फरवरी को सुबह लगभग 10 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वह प्रयागराज एयरपोर्ट से से डीपीएस हैलीपैड पहुंचेंगे, जहां से वह 10.45 पर अरेल घाट जाएंगे. वह अरेल घाट पर नाव के जरिए महाकुंभ पहुंचेंगे।

प्रयागराज में संगम पर सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री पवित्र स्नान करेंगे। महाकुंभ मेले में 11 से 11.30 बजे का समय प्रधानमंत्री के लिए आरक्षित है। पीएम मोदी पवित्र स्नान के बाद 11.45 पर बोट के जरिए अरेल घाट लौटेंगे। यहां से वह डीपीएस हैलीपैड होते हुए प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। पीएम मोदी दोपहर 12.30 बजे वायुसेना के विमान से प्रयागराज से लौट जाएंगे।

## भूटान नरेश ने लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुंभनगर ( ब्यूरो )।** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने आज महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगाई। उनके साथ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे।

भूटान नरेश ने अक्षय वट और लेटे हनुमान जी के दर्शन किए।

डिजिटल महाकुंभ एक्सपीरियंस सेंटर का भ्रमण किया। भूटान नरेश ने संगम में विदेशी पक्षियों को दाने भी खिलाए और संगम में स्नान के बाद पूजा अर्चना भी की।

### महाकुंभ हादसे की संसद में गूंज

## मृतकों के आँकड़ों को दबाया, छिपाया और मिटाया गया : अखिलेश यादव

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के चालू बजट सत्र का आज चौथा दिन है। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों ही सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। लोकसभा में आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में हुए हादसे पर केन्द्र व उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को घेरा। अखिलेश ने आरोप लगाया कि महाकुंभ हादसे में सरकार ने आंकड़ों को दबाया, छिपाया और मिटाया है। सरकार ने जहां लाशें पड़ी थीं वहां पुष्प वर्षा की। यह सरकार की संवेदनहीनता है।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रयागराज महाकुंभ हादसे का मुद्दा उठाते हुए संसद में सरकार को घेरा। अखिलेश ने मृतकों का आंकड़ा जारी करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार मृतकों के आंकड़े नहीं दे पाई। बच्चों के आंकड़े तो नदारद है। खोया-पाया केंद्रों पर लोग अपनों को खोज रहे हैं। महाकुंभ में लोगों ने अपनों को खोया। कुंभ का आयोजन कोई पहली बार नहीं हुआ है। समय समय पर जिसकी भी सरकारें रही हैं, इसका आयोजन करती रही हैं। उन्होंने महाकुंभ में जान गंवाने वालों के लिए दो मिनट का मौन रखे जाने की मांग करते हुए कहा कि हादसे के दिन शाही स्नान वक्त पर नहीं हो पाया। शाही स्नान का मुहूर्त होता है, ये सनातन परंपरा रही है। यह परंपरा उस दिन टूटी है। अखिलेश ने कहा कि इतना प्रचार किया गया महाकुंभ का। कहा गया कि 144 साल बाद ये कुंभ आया है। कहा गया कि सौ करोड़ लोगों की व्यवस्था है। अगर ये बात सही नहीं है जो मैं कह रहा हूं तो सदन की सदस्यता से इस्तीफा देने को तैयार हूं। अखिलेश ने कहा कि महिलाओं के कपड़े, लोगों की चप्पलें जो वहां पड़ी थीं, उन्हें जेसीबी से उठाकर ट्रॉलियों से हटाया गया। सरकार बताए कि शव कहां फेंके गए। अखिलेश ने कहा कि जहां इंतजाम होने चाहिए थे वहांप्रचार किया गया। आंकड़ों को छिपाना अपराध है।

अखिलेश ने आरोप लगायाकि 17 घंटे बाद सरकार ने कुंभ हादसे को स्वीकारा। जहां शव पड़े थे वहां हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए। महाकुंभ में लोग पुण्य कमाने आए थे लेकिन अपनों की लाशें लेकर लौटे।

## दिल्ली में चुनाव से पहले बवाल, सीएम आतिशी व विधूड़ी के बेटे पर एफआईआर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कल 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। उससे पहले दिल्ली में बवाल हो रहा है। दिल्ली में चुनाव प्रचार थम चुका है। लेकिन पूरी रात कई इलाकों में गहमागमी देखी गई। दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आतिशी की शिकायत पर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दिल्ली की सीएम पर एफआईआर दर्ज की गई है।

डीसीपी साउथ ईस्ट दिल्ली ने एक्स पर पोस्ट साझा कर इस मामले में मनीष बिधूड़ी और रवि दयामा के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत का संज्ञान लिया है। थाना गोविंदपुरी में धारा 126 आरपी एक्ट के तहत कानूनी मामला दर्ज किया गया है।

दिल्ली पुलिस ने एक्स पर लिखा कि इस मामले में मनीष बिधूड़ी और रवि दयामा के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत का संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ गोविंदपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया है। धारा-126 आरपी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली की मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए एक अन्य आरोप का जवाब देते हुए पुलिस ने कहा कि रमेश बिधूड़ी के परिवार के तीन और सदस्य, जो तुगलकाबाद गांव में रहते हैं। रात एक बजे कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में घूमते पाए गए थे।





### सीएम आतिशी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

कालकाजी से आप उम्मीदवार आतिशी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने आदर्श आचार संहिता मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमने गोविंदपुरी पुलिस थाने में आप उम्मीदवार के खिलाफ कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार को फतेह सिंह मार्ग पर 50-70 समर्थकों और 10 वाहनों के साथ पाया गया। जिसके बाद कार्रवाई की गई। पुलिस ने उन्हें एमसीसी के दिशा-निर्देशों के अनुसार क्षेत्र खाली करने का निर्देश दिया। लेकिन उन्होंने एक अधिकारी को उसकी ड्यूटी करने से रोका। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की है।

## मां ने पढ़ाई के लिए डांटा तो घर से भाग गई किशोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** मां ने अपनी 14 साल बेटी को पढ़ाई के लिए डांटो तो बेटी घर से नाराज होकर चली गई। किशोरी के पिता ने इस मामले में थाना बादलपुर में एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना दादरी क्षेत्र के रेलवे कालोनी में रहने वाले रवि काल्पनिक नाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी ने 14 साल की बेटी को पढ़ाई के लिए डांट दिया था जिस कारण उनकी बेटी घर से बिना बताए नाराज होकर चली गई। उनकी बेटी जब घर से गई तो उसने हरे रंग की हुडी व नीले रंग का लोअर पहना हुआ था। दो दिन बाद भी उनकी बेटी का कुछ पता नहीं चला है। इस मामले में थाना बादलपुर में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

## पड़ोसी ने घर में घुसकर की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के चिपियाना बुजुर्ग में आपसी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया हैकि पड़ोस में रहने वाले दबंगों ने 10 से 12 गुंडे साथ लेकर उनके घर पर हमला बोल दिया और घर में मौजूद परिजनों के साथ मारपीट की। थाना बिसरख में अंशु पंवार पत्नी प्रशांत पवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 2 फरवरी की रात उनकी गली में रहने वाले संजीव शर्मा उसकी पत्नी ममता शर्मा तथा उनके बेटे तरूण शर्मा, अरूण शर्मा और शोभित शर्मा ने अपने साथ 10-12 गुंडे लेकर उनके घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। जब बीच बचाव के लिए अंशु के पति प्रशांत बीच में आए तो उनके सिर पर में डंडे से वार कर दिया। वहीं उनके भाई सूरज पर भी दबंगों ने हमला किया। इस हमले में उनके सीने और सिर में चोट आई है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## मिल्कीपुर उपचुनाव : पोलिंग पार्टियां रवाना कल 414 मतदेय स्थलों पर होगा मतदान

**लखनऊ ( एजेंसी )।** अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। मतदान के लिए आज राजकीय इंटर कॉलेज से पोलिंग पार्टियां रवाना हो गईं। पांच फरवरी को मतदान और आठ फरवरी को मतगणना होगी। 414 मतदेय स्थलों पर मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 210 मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग के साथ 25 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान बताया कि उपचुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। इसके लिए 71 मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्बर, नौ उड़न दस्ता टीम, नौ स्थैतिक निगरानी टीम, छह वीडियो निगरानी टीम टीम, दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, चार जोनल मजिस्ट्रेट व 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।



डीएम ने बताया कि 97.26 प्रतिशत मतदान पर्चियां वितरित की जा चुकी हैं। बाकी बची मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ की ओर से शीघ्र करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन मतदाताओं को किसी कारणवश मतदान पर्ची नहीं मिलती है तो उसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अन्य विकल्प दिए गए हैं। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस व पैन कार्ड समेत कुछ अन्य विकल्प शामिल है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## कल मतदान के लिए सवेतन अवकाश मिलेगा : जिलाधिकारी

### उल्लंघन करने वाले नियोजकों पर होगी कार्रवाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा व ग्रेटर नोएडा में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों एवं प्रतिष्ठानों में कार्यरत दिल्ली के मतदाताओं को कल 5 फरवरी को सवेतन अवकाश मिलेगा। इसका उल्लंघन करने वाले सेवा योजकों पर कानून कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी जारी की गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने।



जिलाधिकारी ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के मतदान होंगे। जनपद में दिल्ली के कई मतदाता विभिन्न संस्थानों/प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं। सभी को मतदान के लिए सवेतन अवकाश प्रदान किया जाएगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले नियमों का लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा-135 (ख) के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी।

## 'हमारा पीछा किया तो गोली मार देंगे'

### मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पकड़े तीन बदमाश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने इलाके में मोटर साइकिल चोरी करने वाले गैंग के बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों की जब घेराबंदी की तो बदमाश पुलिस वालों को यह धमकी देकर भाग कि हमारा पीछा मत करना नही ंतो गोली मार देंगे।

थाना नॉलेज पार्क पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस शारदा गोल चक्कर पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो मोटर साइकिलों पर सवार होकर तीन बदमाश लूटपाट व चोरी के इरादे से आ रहे हैं। चैकिंग के दौरान पुलिस को दो बाइक पर तीनलोग आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोकने के लिए बैरियर लगाया तो स्पलेंडर बाइक सवार बदमाश ने बाइक से बैरियर में टक्कर मारकर भाग निकले। पुलिस ने बदमाशों को ग्राम नामौली की तरफ घेरने का प्रयास किया तो बदमाशों ने चिल्लाकर कहा कि हमारा पीछा मत करो नहीं तो हम तुम्हें जान से मार देंगे। पुलिस ने दोनों बाइक सवारों को गुर्जरपुर रेलवे अंडरपास की तरफ घेर लिया। पुलिस से घिरा देख बदमाशों ने फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल बदमाश दिवाकर सिंह पुत्र राजीव कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि कॉम्बिंग के दौरान दीपांशु उपाध्याय व अभिषेक चौहान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि यह लोग इलाके में मोटर साइकिल लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है।




## बधाई मांगने के नाम पर फर्जी किन्नर की अश्लीलता

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में फर्जी किन्नर तथा उसके साथियों पर घर में बधाई मांगने पर नाम पर जबरदस्ती घुसकर गंदी-गंदी गालियां देना तथा नग्न होकर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।



थाना दादरी में आदर्शनगर कालोनी विष्णु पुत्र कुंवरपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 जनवरी को फर्जी किन्नर हिना अपने साथी निक्की, इलियास कारी और आजाद को लेकर उनके घर में बधाई मांगने के नाम पर जबरजस्ती घुस गई और गंदी-गंदी गालियां देते हुए महिलाओं और घर के अन्य लोगों के साथ अश्लीलता पर उतारू हो गई। परिजनों ने जब बीच-बचाव किया तो आरोपी किन्नर और उसके साथी मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित विष्णु ने आरोप लगाया है कि डर के मारे उन्होंने फर्जी किन्नर हीना को 7100 रूपये दे दिए। इस मामले में उन्होंने थाने में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)

कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

## खपत में वृद्धि

लंबे अर्से से बढ़ती कीमतों, स्थिर वेतन और करों के बोझ से मध्यम वर्ग वित्तीय दबाव में था। केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों- अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। यह स्थिति उनकी भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। कर राहत के साथ जरूरी है कि मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि हो और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाए। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है। लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? एक अनुमान के अनुसार भारत में आबादी का चालीस फीसदी मध्यम वर्ग के दायरे में आता है। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था मांग की कमी से जूझ रही है। मध्य वर्ग ही वस्तुओं और सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता वर्ग है। उसकी क्रय शक्ति कम होने व बचत नहीं होने से उसकी खरीद क्षमता बाधित हुई है। मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का मानना है कि आयकर में कटौती से बचत और खपत को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मध्यम वर्ग उपभोक्ता, कर्मचारी और सहायक सेवा करने वाले लोगों का नियोक्ता होता है। सरकार मानती है कि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में अप्रत्यक्ष करों में कमी से मांग को ज्यादा बढ़ावा मिल सकता है। अप्रत्यक्ष कर मध्यमवर्ग के बजाय गरीब लोगों को भी देना पड़ता है। दरअसल, हमारी एक सौ चालीस करोड़ की आबादी में नौ करोड़ लोग आयकर रिटर्न भरते हैं और साढ़े तीन करोड़ लोग आयकर देते हैं। इनको राहत देने से सीमित वर्ग की क्रय शक्ति ही बढ़ेगी। कुछ लोग इसे दिल्ली के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से उठाया गया कदम बताते हैं क्योंकि वहीं बड़ी संख्या में आयकर दाता सरकारी कर्मचारी रहते हैं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वह हृदय वज्र के समान कड़ा और निष्ठुर है, जो भगवान के चरित्र सुनकर हर्षित नहीं होता। हे पार्वती! श्री रामचन्द्रजी की लीला सुनो, यह देवताओं का कल्याण करने वाली और दैत्यों को विशेष रूप से मोहित करने वाली है।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-रामकथा सुरधेनु सम सेवत सब सुख दानि।**
**सतसमाज सुरलोक सब को न सुनै अस जानि॥**

श्री रामचन्द्रजी की कथा कामधेनु के समान सेवा करने से सब सुखों को देने वाली है और सत्पुरुषों के समाज ही सब देवताओं के लोक हैं, ऐसा जानकर इसे कौन न सुनेगा!॥

**रामकथा सुंदर कर तारी। संसय बिहग उड़ावनिहारी॥**
**रामकथा कलि बिटप कुठारी। सादर सुनु गिरिराजकुमारी॥**

श्री रामचन्द्रजी की कथा हाथ की सुंदर ताली है, जो संदेह रूपी पक्षियों को उड़ा देती है। फिर रामकथा कलियुग रूपी वृक्ष को काटने के लिए कुल्हाड़ी है। हे गिरिराजकुमारी! तुम इसे आदरपूर्वक सुनो॥

**राम नाम गुन चरित सुहाए। जनम करम अगनित श्रुति गाए॥**
**जथा अनंत राम भगवाना। तथा कथा कीरति गुन नाना॥**

वेदों ने श्री रामचन्द्रजी के सुंदर नाम, गुण, चरित्र, जन्म और कर्म सभी अनगिनत कहे हैं। जिस प्रकार भगवान श्री रामचन्द्रजी अनन्त हैं, उसी तरह उनकी कथा, कीर्ति और गुण भी अनंत हैं॥

**( क्रमशः... )**

# वित्तीय वर्ष 2025-26 का अग्रणी पथप्रदर्शक बजट

केंद्र सरकार की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लोकसभा में बजट पेश किया। सीतारमन ने एक महिला वित्तमंत्री के रूप में लगातार 8वां बजट लोकसभा में पेश कर एक रिकार्ड बनाया है। वित्तमंत्री द्वारा लोक सभा में पेश किया गया बजट अपने आप में पथप्रदर्शक, अग्रणी एवं अतुलनीय बजट कहा जा रहा है क्योंकि इस बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीब वर्ग एवं मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पिछले कुछ समय से देश की अर्थव्यस्था में विकास की गति कुछ धीमी पड़ती हुई दिखाई दे रही थी अतः विशेष रूप से मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि शेष बच सके ताकि वे विभिन्न उत्पादों को खरीदकर अर्थव्यवस्था में इनकी मांग बढ़ा सकें, ऐसा प्रयास इस बजट के माध्यम से किया गया है। साथ ही, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से रोजगार उन्मुख क्षेत्रों यथा कृषि क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग, निवेश, निर्यात एवं समावेशी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि इन्हें विकास के इंजिन के रूप में विकसित किया जा सके।



भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है। अतः मोदी सरकार से अब यह अपेक्षा की जा रही थी कि मध्यमवर्गीय परिवारों को बजट के माध्यम से कुछ राहत दी जाय। और फिर, मुद्रा स्फीति की सबसे अधिक मार भी गरीब वर्ग के परिवारों एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर ही पड़ती दिखाई देती है। केंद्रीय वित्तमंत्री ने मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयकर की वर्तमान सीमा को 7 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दिया है। अर्थात अब 12 लाख रुपए तक की आय अर्जित करने वाले नागरिकों पर किसी भी प्रकार का आयकर नहीं लगेगा। वेतन एवं पेंशन पाने वाले नागरिकों को 75,000 रुपए की स्टैंडर्ड कटौती की राहत इसके अतिरिक्त प्राप्त होगी। इस वर्ग के करदाताओं को 12.75 लाख रुपए तक की वार्षिक आय पर कोई आयकर नहीं चुकाना होगा। इसके साथ ही, आय कर की दरों में भी परिवर्तन किया गया है। अब 4 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर शून्य रहेगी। 4 लाख रुपए से 8 लाख रुपए तक की करयोग्य आय पर आयकर की दर 5 प्रतिशत, 8 लाख रुपए से 12 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 10 प्रतिशत, 12 लाख रुपए से 16 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 15 प्रतिशत, 16 लाख रुपए से 20 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर की दर 20 प्रतिशत, 20 लाख रुपए से 24 लाख रुपए तक की कर योग्य आय पर आयकर 25 प्रतिशत एवं 24 लाख रुपए से अधिक की कर योग्य आय पर 30 प्रतिशत की दर से आयकर लागू होगा।

**भारत में मध्यमवर्गीय परिवार देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता आया हैं। हाल ही के समय में प्रत्यक्ष कर संग्रहण में व्यक्तिगत आयकर की भागीदारी कारपोरेट क्षेत्र से आयकर की भागीदारी से भी अधिक हो गई है।**

मध्यमवर्गीय करदाताओं को उक्त सुधारों से लगभग 80,000 रुपए से 1.10 लाख रुपए तक की राशि की बचत होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस सुधार से कुल मिलाकर देश के बजट में एक लाख करोड़ रुपए की राशि कम प्राप्त होगी अर्थात मध्यमवर्गीय परिवारों को कुल एक लाख करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि का लाभ होगा। और, यह लाभ लगभग 2 करोड़ करदाताओं को होने की सम्भावना है। इससे देश के मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों के हाथों अतिरिक्त राशि उपलब्ध होगी जिसे वे विभिन्न उत्पादों की खरीद पर खर्च करेंगे और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होंगे। मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों ने जितना सोचा था शायद उससे भी कहीं अधिक राहत उन्हें इस बजट के मध्यम से दी गई है। इसीलिए ही, इस बजट को अग्रणी, पथप्रदर्शक एवं अतुलनीय बजट की संज्ञा दी जा रही है।

मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवारों को, आयकर में छूट देकर, दी गई राहत देते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है कि इससे बजटीय घाटा में वृद्धि नहीं हो। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बजटीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.9 प्रतिशत रहने की सम्भावना पूर्व में की गई थी, परंतु अब संशोधित अनुमान के अनुसार यह बजटीय घाटा कम होकर 5.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजटीय घाटा 5.4 रहने का अनुमान लगाया गया है। अतः देश की वित्तीय व्यवस्था पर किसी भी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने जा रहा है। हां, पूंजीगत खर्चों में जरूर कुछ कमी रही है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के अनुमान के विरुद्ध 10.18 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत खर्च होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11.12 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च की व्यवस्था बजट में की गई है। इस राशि को 11.11 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15 लाख करोड़ रुपए किया जाना चाहिए था क्योंकि पूंजीगत खर्च में वृद्धि से देश में आर्थिक विकास की दर तेज होती है और रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। इस संदर्भ में एक रास्ता यह निकाला गया है कि केंद्र सरकार के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों से अपेक्षा की गई है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये संस्थान भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करें ताकि उनके द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों की राशि को मिलाकर कुल पूंजीगत खर्च को 15 लाख करोड़ रुपए से ऊपर ले जाया जाए।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से राज्यों के साथ मिलकर कृषि धन धान्य योजना को 100 जिलों में प्रारम्भ किया जा रहा है, इस योजना के माध्यम से इन जिलों में ली जा रही फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दलहन के उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करने के लिए 6 वर्षीय मिशन चलाया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को 5 लाख तक बढ़ाया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऋण सीमा को 5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए एवं स्टार्टअप के लिए ऋण की सीमा को 10 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जा रहा है। लेदर उद्योग में रोजगार के 22 लाख नए अवसर निर्मित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत को खिलौना उत्पादन का अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में भारत को आत्म निर्भर बनाया जाएगा। आज भारत खाद्य तेलों का भारी मात्रा में आयात करता है अतः तलहन के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।। भारत में निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजारों की तलाश करते हुए विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापारिक समझौते सम्पन्न किए जा रहे हैं। देश में बीमा क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की जा रही है। विभिन्न शहरों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपए का एक विशेष फंड बनाया जा रहा है।

युवाओं में कौशल विकास के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, आगामी 5 वर्षों में देश के मेडिकल कॉलेजों में 75,000 युवाओं को अतिरिक्त दाखिला दिए जाएंगे। इंडियन इन्स्टिटूट आफ टेक्नॉलजी कॉलेजों में टेक्नलाजिकल रीसर्च के लिए 10,000 पी एम स्कालर्शिप प्रदान की जाएंगी एवं नए आईआईटी केंद्रों की स्थापना भी की जाएगी। आरटीफिशियल इंटेलीजेंस सेंटर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 500 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। श्री अयोध्या धाम, महाकुम्भ क्षेत्र प्रयागराज, काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी, महाकाल मंदिर उज्जैन की तर्ज पर अन्य धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जाएगा ताकि देश में धार्मिक पर्यटन की गतिविधियों को और अधिक आगे बढ़ाया जा सके। देश में 52 नए पर्यटन केंद्र भी विकसित किए जाने की योजना बनाई गई है तथा भगवान बुध सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**

## बेसहारा पशुओं की समस्या और उसका समाधान

हिमाचल प्रदेश में बेसहारा पशुओं की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। वर्तमान में बेसहारा पशुओं की संख्या 36311 बताई जा रही है जिनमें से 20202 गोसदनों में भर्ती हैं। ये विभागीय आंकड़े हैं, हालांकि असल में यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि आए दिन नए-नए पशु गांवों में बेसहारा घूमते हुए मिल जाते हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए रातें खेतों में काटनी पड़ रही हैं। कईयों ने अपने-अपने खेतों में बांस का बाड़ लगाने की कोशिश भी की है, किन्तु कोई लाभ नहीं हो रहा है। पशुओं और बंदरों के संयुक्त हमलों से बहुत से खेत वीरान हो चुके हैं। लोगों ने बीजना ही बंद कर दिए हैं। समस्या आजीविका पर सीधे आघात की है। इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सरकार अपनी तरफ से प्रयास भी कर रही है, किन्तु समस्या काबू नहीं आ रही है तो जाहिर है कि व्यवस्था पर समाधान के प्रयास छोटे पड़ रहे हैं। प्रदेश में कुल गोवंश की संख्या 18 लाख 28 हजार है। 2003 में यह संख्या 22 लाख के लगभग थी। यानी पशुपालन के प्रति रुझान कम हो रहा है। हालांकि दूध का उत्पादन तो बढ़ा ही है। 2013 में जो उत्पादन 11.39 लाख टन था, वह बढ़ कर 2024 में 16.17 लाख टन हो चुका है। प्रदेश में दूध की मांग 20 लाख टन के आसपास है। प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 650 ग्राम है, जो स्वास्थ्य की दृष्टि से पर्याप्त है, किन्तु 2 करोड़ के लगभग पर्यटकों का दबाव भी है, इसलिए उत्पादन से निश्चय ही मांग पूरी नहीं हो रही है।

गांव-गांव में आपको अमूल, वेरका आदि के दूध और दूध उत्पाद बिकते दिख जाएंगे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक करीब 4 लाख टन का टोटा हर साल पड़ रहा है। वास्तव में यह कमी और भी ज्यादा हो सकती है, क्योंकि कितना ही नकली दूध उत्पाद भी हर साल पकड़ा जाता है। इसका निष्कर्ष यह निकलता है कि दूध की खपत की कोई समस्या नहीं है, और दूध उत्पादन को बढ़ाने के लिए पशुपालन को प्रोत्साहित करने की पर्याप्त गुंजाइश है। फिर भी पशु सडक़ पर क्यों हैं, इस बात की खोज होनी चाहिए। इस तरह समस्या के दो रूप सामने आ रहे हैं। एक तो जो पशु सडक़ पर हैं, उनको आसरा कैसे दिया जाए और दूसरा, कि नए पशु बेसहारा न छोड़े जाएं। जो बेसहारा घूम रहे हैं, उनके लिए गोसदन बना कर व्यवस्था की जा रही है किन्तु वह पर्याप्त साबित नहीं हो रही है। कई गोसदन खाली पड़े हैं और कई, अभाव की स्थितियों के साथ जूझ रहे हैं। गो सदनों को जो राशि प्रति पशु दी जा रही है, वह पर्याप्त नहीं है। एक-तीन साल से बड़े पशु को दिन में कम से कम 5 किलो सूखा घास और 20 किलो के आसपास हरा चारा मिलना चाहिए। महीने में कम से कम डेढ़ क्विंटल तूड़ी ही चाहिए जिसकी कीमत 1500 के लगभग होगी। लेकिन मिलते तो केवल 700 रुपए हैं। अब इसके अलावा हरे चारे और कार्यकर्ता का खर्चा अलग से है। इसके चलते कोई भी इस काम में हाथ डालने से डरता है। समाज से भी छोटी मोटी मदद ही मिलती है जिससे कमी पूरी नहीं हो सकती। अतः गोसदनों पर खर्च की व्यवस्था को सुधारा जाना चाहिए। 2022 तक मंदिरों से प्राप्त दान और दारू की बोतल पर लगाए गए कर से लगभग 25 करोड़ रुपए सरकार के पास आए, उसका पूरा निवेश इस कार्य पर होना चाहिए, फिर भी कमी रहे, तो अलग से सोचा जा सकता है। पहाड़ी इलाकों में ट्रैक्टर नहीं चलने के कारण लोग बैल तो पाल ही लिया करते थे। सरकार ने पॉवर टिलर को अनुदान देकर प्रचारित किया और बैलों को पालने की संभावना ही खत्म कर दी। यदि इसके बजाय बैल पालने वालों को सबसिडी दी जाती तो बेसहारा पशु संख्या में 40 फीसदी कमी आ सकती थी। वर्तमान में पशुपालन को इतना लाभदायक बनाने की जरूरत है कि लोग अच्छी आमदनी के लिए इसको अपना लें। गांव में भी अब घर-घर पशु पालन की व्यवस्था चरमरा गई है, क्योंकि युवक नौकरी की तलाश में घरों से दूर जाने को मजबूर हैं और एकल परिवारों का चलन बढ़ गया है। इसलिए छोटी-छोटी डेयरियों को प्रोत्साहित करने की विशेष योजना बननी चाहिए। सस्ता चारा पशुपालन को लाभदायक बनाने की मूलभूत जरूरत है। इसलिए चरागाह विकास को मिशन बना कर काम करने की जरूरत है। मध्यवर्ती और निचले क्षेत्रों में अधिकांश चरागाहें खरपतवारों की भेंट चढ़ चुकी हैं। उन्हें पुनर्जीवित करने की जरूरत है। बंदर और सूअर द्वारा फसलों पर आक्रमण के चलते जो खेत खाली पड़ गए हैं, उनके लिए भी रा उगाने की विशेष योजना चलाने की जरूरत है, ताकि बाहरी राज्यों से महंगा चारा आयात करने की मजबूरी से मुक्ति मिल सके।

इससे पशुओं को बेसहारा छोडने की मात्रा में जरूर कमी आएगी। बेसहारा पशुओं के लिए गोसदन तो काफी बन चुके हैं, अब उनको कार्यक्षम बनाने की जरूरत है। गो अभयारण्य पर ज्यादा जोर देना होगा, जहां पशु स्वयं ही चुग कर अपना गुजारा ज्यादातर समय कर सकेंगे। कमी के कुछ समय चारे की व्यवस्था की जा सकती है। अभयारण्य में कुछ शैड बना दिए जाएं और स्थान-स्थान पर पीने के पानी के तालाब बनाए जाएं। देखभाल आसान हो जाएगी और कम खर्च भी। हां, एक बार अभयारण्य को बेहतर चरागाह के रूप में विकसित करना होगा। गोबर गैस प्लांट पशुओं से आय सृजन का एक नया व्यवसाय हो सकता है। गांव में चार-पांच घन मीटर के प्लांट लगा कर उद्यमी, गैस से कमाई कर सकते हैं। सिलिंडर में भर कर गैस को बेचा जा सकता है। इस तरह से कई नवाचारी प्रयोग करने की जरूरत है। बैल को भी वापस लाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

**-कुलभूषण उपमन्यु**
**पर्यावरणविद**

## राशिफल

माघ शुक्ल पक्ष सप्तमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। स्वास्थ्य पहले से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अभी भी मध्यम बना हुआ है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन बैचेन रहेगा। घबराहट, बैचेनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। भाग्य साथ देगा। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। थोड़ा गृहकलह भी हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान में सुधार हो चुका है। व्यापार भी अच्छा है। निवेश अभी न करें।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से मिला पीड़ित परिवार

**दादरी ( चेतना मंच )।** कैलाशपुर गाँव के दलित समाज की बहू कोमल और उनके गर्भस्थ शिशु की मृत्यु को एक महीना बीत जाने के बावजूद अब तक शासन-प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की कोई सुनवाई नहीं हुई। इसको लेकर समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अक्षय भाटी और पीड़ित परिवार ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से मुलाकात की। अक्षय भाटी ने बताया कि पीड़ित परिवार को सीएमओ द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया गया है। बहुत जल्द अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा।

कोमल के परिजनों का आरोप है कि बहू की मृत्यु कृष्णा हॉस्पिटल, दादरी के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण हुई।

कोमल को डॉक्टर ने डिलीवरी के लिए 2 जनवरी की रात 8 बजे का समय दिया था। परिवार समय का ध्यान रखते हुए शाम 6 बजे ही अस्पताल पहुंच गया। रात 2 बजे परिवार को वहां मौजूद दूसरे मरीजों द्वारा पता चला कि कोमल को काफी परेशानी हो रही है। इस पर



परिवार ने डॉक्टर से मिलकर ऑपरेशन करने को कहा। लेकिन डॉक्टरों ने परिवार को यह नहीं बताया कि अस्पताल में ऑपरेशन के लिए पर्याप्त साधन और मुख्य डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं। सुबह 6 बजे, जब मरीज की हालत काफी खराब हो गई, तब अस्पताल के स्टाफ ने परिवार से मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए कहा।

डॉक्टर के कहने पर जब मरीज को दूसरे अस्पताल ले जाने लगे, तो कोमल ने परिवार को बताया कि अस्पताल के स्टाफ ने गलत तरीके से जबरदस्ती की, जिससे उन्हें अत्यधिक ब्लीडिंग और दर्द सहना पड़ा। दूसरे अस्पताल पहुंचने के बाद पता चला कि गलत तरीके से किए गए दबाव और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण कोमल और उनके शिशु दोनों की मृत्यु हो गई।

# जातिवाद के बंधन तोड़ने का महाअभियान प्रारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व हिंदू परिषद नोएडा महानगर द्वारा सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर-12 मे किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जातियों में बंटे हिन्दू समाज को जाग्रत कर एकता और समरसता घोलने था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनायक राव देशपांडे केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विश्व हिंदू परिषद ने स्पष्ट शब्दों बताया कि अब जातियों में बंटे हिंदू समाज को एकजुट करने का समय आ गया है। छुआछूत और जातिगत भेदभाव को सदा के लिए समाप्त करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। हिंदू समाज केवल एक है। हम सब भाई-भाई हैं।

विश्व हिन्दू परिषद नोएडा महानगर की अध्यक्ष बहन छाया सिंह ने कहा सभी हिंदू सहोदर भाई हैं। जन्म के आधार पर कोई छोटा बड़ा नहीं होता है। विहिप नोएडा महानगर के मंत्री दिनेश महावर ने कहा कि जात पात कि की विदाई करें, हिन्दू समाज वट वृक्ष के समान है। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष बालक राम प्रधान




निवासी गांव विशनपुरा, विशिष्ट अतिथि रविन्द्र जंघालिया वाल्मीकि, राजकुमार डुगर, महानगर कोषाध्यक्ष अनिल, महानगर उपाध्यक्ष सतवीर, अनुराधा, महानगर समरसता प्रमुख श्यामवीर, सह समरसता प्रमुख वीरू, सह मंत्री राजीव, प्रवेश, बजरंग दल संयोजक सुमित, धर्म प्रसार प्रमुख जितेंद्र व प्रचार प्रमुख राहुल के साथ ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# देश मे आर्थिक आपातकाल जैसे हालात : सुधीर भाटी

## सूरजपुर में पीडीए जन पंचायत का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को सूरजपुर में नगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद के संयोजन में पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों से आज जनता बुरी तरह से त्रस्त है, बेकाबू महँगाई की मार से आम आदमी को अपने जीविका चलाने में मुश्किलें आ रही है। देश मे आर्थिक आपातकाल जैसे हालात है। हाल में ही केंद्रीय वित्त मंत्री में लोकसभा में जो बजट पेश किया है उसमें भी महंगाई को रोकने के लिए व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा निजीकरण को बढ़ावा देकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है और आरक्षण को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। आज बढ़ती बेरोजगारी के कारण देश का नौजवान रोजगार के लिए परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा पिछड़ो, दलितों और अल्पसंख्यकों का दमन किया जा रहा है।




भाजपा सरकार की दमनकारी नीति को रोकने के लिए हमें एकजुट हो समाजवादी पार्टी का साथ देना होगा, क्योंकि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव लगातार पिछडे, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं के सम्मान की लड़ाई लड़ रहे है।

इस मौके पर मुख्य रूप से जिला महासचिव सुधीर तोमर, यूनुस प्रधान, अब्दुल हमीद, सीपी सोलंकी, संजय खान, सुभाष भाटी, चौधरी हसरुद्दीन, लियाकत नेताजी, अनूप तिवारी, जावेद अंसारी, शरीफ ठेकेदार, अलीमुद्दीन खान असगर सैफी, अजय पाल प्रजापति, जहीर चौधरी, इशाक ननका, लाला सैफी, सलीम मेंबर, ताज मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# लुक्सर जेल में 14वें दिन क्रिकेट मैच का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कारागार, गौतमबुद्धनगर में जेल प्रीमियर लीग के चौदहवें दिन रोमांचक क्रिकेट मुकाबलों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कारापाल राजीव कुमार सिंह, उपकारापाल सुरजीत सिंह, श्रीमती ज्ञानलता पाल, शिशिर कान्त कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। लीग का उद्देश्य जेल में निरुद्ध खिलाड़ियों व कार्मिकों के बीच समर्पण, टीम भावना और खेल कौशल को बढ़ावा देना है।

पहले मैच में जेल इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। जेल सनराइजर्स की टीम 10 ओवरों में ऑलआउट होकर 105 रन ही बना सकी। टीम की ओर से हिमांशू ने 29 और दीपक ने 24 रनों का योगदान दिया। 106 रनों के



लक्ष्य का पीछा करने उतरी जेल इंडियंस की टीम 94 रन ही बना सकी और 11 रनों से मुकाबला हार गई।

दूसरे मैच में जेल सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 12 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाए। प्रदीप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 41 रन बनाए। जवाब में जेल बॉरियर ने शानदार खेल दिखाते हुए मात्र 6 ओवरों में 9 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहित ने 18 गेंदों में 68 रन बनाए, जबकि हरिओम सिंह ने 5 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की।

तीसरे मुकाबले में जेल फाइटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और दमदार प्रदर्शन किया। नीरज ने 49 रन बनाए, जबकि अरविंद भाटी ने मात्र 17 गेंदों में 78 रनों की तूफानी पारी खेली। जेल फाइटर्स ने कुल 198 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में जेल नाइटराइडर्स की टीम महज 36 रन पर ऑलआउट हो गई और जेल फाइटर्स ने यह मुकाबला 162 रनों से जीत लिया।

जैसे-जैसे टूर्नामेंट फाइनल की ओर बढ़ रहा है, खेल का रोमांच भी चरम पर पहुंच रहा है। हर मैच के साथ खिलाड़ियों का उत्साह और प्रदर्शन नए स्तर पर दिखाई दे रहा है।

# कॉमेडियन राजीव निगम ने दिल्ली में 'आप' के पक्ष में किया प्रचार

**नई दिल्ली ।** आम आदमी पार्टी की नीतियों और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कॉमेडियन राजीव निगम ने नई दिल्ली विधानसभा में कई अलग अलग सभाओं में पहुंचकर अरविंद केजरीवाल के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने दिल्ली सरकार की योजनाओं की सराहना की।

राजीव निगम ने मालवीय नगर में भी वहां से वर्तमान विधायक व प्रत्याशी सोमनाथ भारती को पिछले हर बार से ज्यादा वोटो से विजयी बनाने के लिए लोगों से वोट करने की अपील की। राजीव निगम ने अपने संबोधन में आम आदमी के हित में चल रही शिक्षा व स्वास्थ्य तथा महिलाओं को मुफ्त में दी जा रही सुविधाओं का जिक्र किया और यह सभी सुविधाओं को आगे भी मिलती रहे इसके लिए उन्होंने एक बार पुनः दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार बनाने के अपील की।





# विद्यामंदिर क्लासेस ने किया 'ए डे इन अ डॉक्टर्स लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** कोचिंग संस्थान विद्यामंदिर क्लासेस द्वारा संचालित वीएमसी मेडिकल, जो नीट अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, ने मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सहयोग से 'ए डे इन अ डॉक्टर्स लाइफ' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

वरिष्ठ प्रबंधन टीम द्वारा स्वागत किए जाने के बाद, छात्रों के लिए 'द लाइफ ऑफ अ मेडिकल प्रोफेशनल' विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग की हॉस्पिटल ऑपरेशंस टीम की जीएम डॉ. गिरीजा यादव ने किया।

विद्यामंदिर क्लासेस के मेडिकल डिवीजन के प्रमुख महेश भाथला ने कहा कि वीएमसी मेडिकल में हमारा लक्ष्य सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम भविष्य के डॉक्टरों की आकांक्षाओं को प्रेरित और पोषित भी करना चाहते हैं।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग के अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का वर्चुअल टूर था। इस सत्र ने छात्रों को उन्नत चिकित्सा अवसंरचना और विभिन्न क्लीनिकल परिवेशों की झलक प्रदान की, जिससे उन्होंने जाना कि इस क्षेत्र में काम करना कितना चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक हो सकता है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू.पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# संस्कार केंद्र के बच्चों संग मनाई सरस्वती पूजा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** संस्कार केंद्र सेक्टर-55 नोएडा में सरस्वती पूजन एवं बसंत पंचमी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

संस्कार केंद्र की संचालिका सुनीता नयाल ने बताया कि संस्कार केन्द्र पिछले 4 साल से चल रहा है, जो बच्चे स्कूल नहीं जा पाते उन बच्चों को बेसिक शिक्षा देते हैं तथा कला संगीत एवं सामाजिक संस्कार देकर उन्हें शिक्षित करते हैं।आज के उत्सव में बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम भी किया।

इस दौरान रमुख्य अतिथि श्रीमती राजेश्वरी त्यागराजन संस्थापक त्यागराजन सेंटर फॉर म्यूजिक एंड डांस एवं साँस्कृतिक प्रकल्प नोएडा लोकमंच एवं श्रीमती पुष्पा भट्ट जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा द्वारा बच्चों को मिठाई पुरस्कार एवं उनके परिवार वालों कंबल वितरित किए।



# शारदा विवि के कोरस फेस्ट मेंजुबिन नोटियाल ने मचाई धूम

**ग्रेटर नोएडा।** शारदा विश्वविद्यालय का वार्षिक कोरस फेस्ट, जो 30 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित हुआ, रचनात्मकता और विविधता का एक जीवंत उत्सव था। इसमें 40 रोमांचक कार्यक्रम थे, जिनमें विश्वविद्यालय के 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, और 2,000 से अधिक छात्र पूरे भारत से आए।

तीन दिवसीय इस उत्सव की शुरुआत एक भव्य उद्घाटन समारोह से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रो. (डॉ.) सिबराम खारा, उप कुलपति, प्रो-वीसी, प्रोफेसर (डॉ.) प्रमोद, डीन छात्र कल्याण और उनकी समर्पित टीम ने कार्यक्रम की शुरुआत की। रंगोली प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में और रंग भर दिया, जिसमें छात्रों ने अपनी कलात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सुंदर डिज़ाइनों और पैटर्न्स से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

उत्सव में कई रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसने छात्रों से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीदें जगाईं। इनमें से एक आकर्षक हिस्सा था फैशन शो, जो शारदा विश्वविद्यालय के सुंदर आनंद स्वरूप ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस शो में अतिथि न्यायाधीश के रूप में श्रीमती इंडिया वर्ल्डवाइड 2018,



कीर्ति मिश्रा नाराग और कातालाइटिस की संस्थापक, साथ ही अन्य प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं, जिन्होंने शो को खास बना दिया। फेस्ट का सबसे भव्य और यादगार पल था इसके समापन पर बॉलीवुड सिंगर जुबिन नौटियाल का लाइव प्रदर्शन। उनकी मंत्रमुग्ध करने वाली आवाज़ ने दर्शकों को आकर्षित किया और सभी ने उनके गाने का भरपूर आनंद लिया।

कोरस फेस्ट 2025 की सफलता शारदा विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो-कुलपति, प्रो. (डॉ.) सिबराम खारा, उप कुलपति, प्रो-वीसी, रजिस्ट्रार, (डॉ.) प्रमोद, डीन छात्र कल्याण और समग्र आयोजन टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उनके अथक प्रयासों ने इस साल के फेस्ट को एक अविस्मरणीय अनुभव बना दिया, जहां छात्रों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया।

कोरस फेस्ट 2025 शारदा विश्वविद्यालय के इतिहास का एक अत्यंत रोमांचक और जीवंत उत्सव के रूप में याद किया जाएगा!



# प्रदेश के विद्युत विभाग ने प्रयाग की कुम्भ भूमि पर बनायी सपनों की दुनिया

## सजावटी एवं रचनात्मक लाइटिंग के द्वारा महाकुंभ को एक अद्भुत दुनिया व स्वप्नलोक बना दिया

**लखनऊ / महाकुंभ नगर।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने कहा कि विद्युत विभाग ने प्रयाग की कुम्भ भूमि पर सपनों की एक दुनिया बनायी है, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है और जिसकी पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले नासा के एक अंतरिक्ष यात्री ने लिखा था कि प्रयाग का महाकुंभ बहुत अच्छी तरह से रोशन है। वह इसे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से देख सकता था।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि नासा ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन ही नहीं, बल्कि महाकुंभ क्षेत्र से गुजरने वाले या रात में ऊपर से हवाई जहाज से उड़ान भरने वाले सभी लोग मेले की रोशनी और सजावट से प्रभावित हैं और बिजली विभाग द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं। हाल ही में किसी ने इसे सपनों की दुनिया कहा था। इसका श्रेय बिजली कर्मचारियों को जाता है जिन्होंने दिन-रात काम किया है, जिन्होंने अथक परिश्रम किया है और ऐसी जगह पर बिजली का बुनियादी ढांचा तैयार किया और सुविधाएं बनाई हैं, जहां पर कुछ भी नहीं था, बल्कि वीरान था। प्रयाग महाकुंभ का परिदृश्य कुछ सप्ताह पहले मानसून की बाढ़ और नदियों के उफान के कारण पानी से घिरा हुआ था। यह भी कहना होगा कि बिजली विभाग ने न केवल इस महाकुंभ को रोशन करने के लिए काम किया है, बल्कि हमेशा के लिए एक मजबूत बिजली का बुनियादी ढांचा बनाने के इरादे से भी काम किया है।

विद्युत विभाग ने कुम्भ मेला क्षेत्र में कई स्थानों पर, कई लो टेंशन एवं हाई टेंशन लाइनों और नेटवर्क को भूमिगत किया, जिससे क्षितिज की सुंदरता में वृद्धि हुई है। मेला क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के रूप में 70,000 से अधिक एलईडी लाइट लगाई गई हैं। 52,000 से अधिक नए बिजली के खंभे लगाए गए हैं। इन खंभों को बिजली की खराबी को तेजी से खोजने के इरादे से जियो-टैगिंग भी की। ये खंभे आगंतुकों और तीर्थयात्रियों को उनके स्थान का संकेत देकर भी मदद करते हैं। इसी तरह, जहां लोड अधिक था, वहां कई नए सबस्टेशन बनाए गए हैं।

हजारों किलोमीटर लंबे नए हाई टेंशन और लो टेंशन बिजली के तार लगाए गए हैं। विभिन्न शिविर कार्यालयों, धार्मिक स्थलों और संस्थागत प्रतिष्ठानों को लगभग पांच लाख कनेक्शन दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त महाकुंभ क्षेत्र में चलाई जा रही अधिकांश सुविधाओं को बिजली विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इन आवश्यक कार्यों के अतिरिक्त पुलों, सड़कों या अन्य पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों पर भी बहुत सारी सजावटी एवं रचनात्मक लाइटिंग की गई है। ये सब बिजली विभाग द्वारा किया गया है, जिसने इस महाकुंभ को एक अद्भुत दुनिया या स्वप्नलोक बना दिया है।



### प्रमुख व्यवस्थाएँ

- 44 घाटों और 4200 हेक्टेयर क्षेत्र की निरंतर सफाई
- अखाड़ों के स्नान मार्गों पर विशेष स्वच्छता व्यवस्था
- क्विक रिस्पांस टीम सक्रिय, घाटों व संगम क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित
- गंगा सेवा दूतों ने श्रद्धालुओं को वस्त्र न छोड़ने की समझाइश दी
- खुले में शौच रोकने के लिए अभियान, डेढ़ लाख शौचालय उपलब्ध

### सफाई मित्रों को सुविधाएँ

योगी सरकार ने सफाई कर्मियों को आवास, राशन, शुद्ध जल, चिकित्सा और बच्चों की शिक्षा जैसी सुविधाएँ दीं। श्रद्धालुओं ने स्वच्छता व्यवस्था की सराहना की।

### बसंत पंचमी पर स्वच्छ महाकुंभ का संकल्प साकार

बसंत पंचमी के तीसरे अमृत स्नान पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में विशेष स्वच्छता प्रबंध किए गए। 15,000 से अधिक सफाई मित्र और 2,500 गंगा सेवा दूत दिन-रात सफाई में लगे रहे।





## महाकुंभ में नगर विकास विभाग का भगीरथ प्रयास



नगर विकास विभाग महाकुंभ की सफाई और व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए पूरी तरह सक्रिय है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा लगातार प्रवास कर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं।

- **अब तक 35 करोड़ श्रद्धालु, बसंत पंचमी पर 4 करोड़ ने किया स्नान।**
- **20,000 सफाई कर्मी, सैकड़ों सुपरवाइज़र, हजारों मशीनें व संसाधन तैनात।**
- **विशेष सफाई अभियान में 14 अतिरिक्त अधिकारियों की ड्यूटी, 25 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था।**
- **प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ के लिए दोना-पत्तल व कपड़े के थैले वितरित, गार्बेज कलेक्शन त्वरित।**
- **200 जल छिड़काव टैंकर धूल मुक्त वातावरण के लिए तैनात।**
- **नगर विकास मंत्री के नेतृत्व में महाकुंभ क्षेत्र स्वच्छता और सुविधाओं में उत्कृष्ट बना हुआ है।**

## बसंत पंचमी पर मंत्री नंद गोपाल गुप्ता (नंदी) ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर संगम में आस्था की डुबकी लगाई और लोक कल्याण की कामना की। मंत्री नंदी ने कहा कि बसंत पंचमी का स्नान आत्मशुद्धि और पापों से मुक्ति का अवसर है। लोक आस्था के इस महान पर्व में संगम सहित अन्य घाटों पर भी स्नान का विशेष महत्व है। महाकुंभ 2025 में साधु-संतों, महंतों और आचार्यों ने स्नान कर दिव्य शांति का अनुभव किया।





## चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था, फील्ड पर डटे रहे अफसर



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ प्रयाग की पावन भूमि पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती के प्राकट्य उत्सव बसंत पंचमी पर सोमवार को गंगा, यमुना व अदृश्य सरस्वती के पवित्र पावन संगम में सुनहरे मौसम के मध्य करोडों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। इस दौरान महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों एवं साधु-संत-महात्माओं व कल्पवासियों के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये। सुरक्षा के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों के महत्वपूर्ण स्थलों, प्रत्येक चौराहे/तिराहे, पाण्टून पुलों, अखाड़ों के मार्गों एवं स्नान घाटों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमन दल, पीएसी के जवान, एसटीएफ, एटीएस, एनएसजी के कमाण्डों, अर्धसैनिक बल, बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित कर सतर्क दृष्टि रखी गई। पवित्र संगम में जल पुलिस के साथ गोताखोर/डीप डाइवर की नियुक्ति कर स्नानार्थियों/ श्रद्धालुओं की सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये। इस दौरान बसंत पंचमी पर्व पर संगम क्षेत्र व अन्य स्नान घाटों का एसडीआरएफ/एनडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा निरंतर भ्रमण करते हुए सतर्क दृष्टि रखी गयी।

इंटीग्रेटेड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से सम्पूर्ण महाकुम्भ मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी गयी। 'पब्लिक एड्रेस सिस्टम' के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों से लगातार अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करके सकुशल अपने गंतव्य को वापस जाएं एवं मेले की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके दृष्टिगत संपूर्ण मेला क्षेत्र में 36 स्थानों पर 'पार्किंग' की व्यवस्था की गयी। जिसके माध्यम से यह प्रयास किया गया कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को स्नान घाट तक पहुचने में न्यूनतम पैदल चलना पड़े।

## बसंत पंचमी पर महाकुंभ में सेवा और समर्पण का अद्वितीय संगम

बसंत पंचमी के अवसर पर महाकुंभ 2025 में सेवा और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित श्रवण कुंभ शिविर में हजारों लोगों को निःशुल्क सुनने की जांच और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### प्रमुख बिंदु

- पहली बार दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए विशेष शिविर, हजारों को मिला लाभ।
- वृद्धाश्रमों से आए 500+ बुजुर्गों ने संगम स्नान किया, 26 फरवरी तक 2000 वरिष्ठजनों के लाभान्वित होने की योजना।
- 100 बेड क्षमता वाला आश्रय स्थल वृद्धजनों के लिए स्थापित।
- सेवा और सामाजिक सद्भाव से महाकुंभ सिर्फ धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समर्पण और सशक्तिकरण का मंच भी बना।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस पहल से बुजुर्गों और दिव्यांगों को सम्मान और सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे महाकुंभ 2025 समरसता का अद्भुत उदाहरण बन गया है।

















# बजट 2025-26: भवन निर्माण में दाम स्थिर, घर, मकान खरीदना और बनाना सस्ता या महंगा?

**- निवेशकों को बढ़िया मौके मिलेंगे, बल्कि सामान्य लोगों को भी घर खरीदने में मदद मिलेगी**

**नई दिल्ली ।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में पेश किया गया आम बजट 2025-26 में इंफास्ट्रक्चर सेक्टर को तेजी से बढ़ाने के लिए घोषणाएं की हैं। लेकिन आम लोगों की मुख्य चिंता यह है कि बजट के बाद घर, मकान, दुकान और फ्लैट खरीदना और बनाना सस्ता रहेगा या महंगा। बजट में इंफास्ट्रक्चर सेक्टर को ध्यान में रखते हुए, बिल्डिंग से जुड़े मटेरियल पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। हालांकि, विभिन्न चीजों पर लगे टैक्स के मामले में थोड़ी चिंता है, जैसे बिजली मीटर और सोलर पैनल पर बढ़े एक्साइज और कस्टम ड्यूटी के चलते। केंद्र सरकार ने अन्य सामान और सेवाओं पर टैक्स में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, जिससे घर बनाना या खरीदना अधिक महंगा हो। इससे आम जनता को हल्की सुधार देखने को मिला है। इसके साथ ही मोदी सरकार ने रियल एस्टेट सेक्टर के लिए कई घोषणाएं की हैं, जो निवेश के नए मौके प्रदान कर सकती हैं। नए टैक्स स्लैब और टैक्स मुक्ति योजनाओं से लोगों की आय में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे घर खरीदने वालों को भी लाभ हो सकता है। बजट 2025 के बाद आने वाले भवन निर्माण के काम में आने वाले सामग्रियों के दाम स्थिर रहने के अनुमान हैं, जो कुछ क्षेत्रों में हल्का बढ़ या घट सकते हैं। यहाँ तक कि बीते कुछ महीनों से उन्हें न केवल सस्ता रहता है, बल्कि दाम निर्मित भवनों में भी स्थिर रहते हैं। इस पूरे बजट के माध्यम से सरकार ने घर, मकान, दुकान और फ्लैट बनाने वाले काम में आने वाले सामग्रियों के दाम स्थिर रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं जो लोगों को सस्ते और उपलब्ध मकानों तक पहुंचने में मदद कर सकते हैं। इससे न केवल निवेशकों को बढ़िया मौके मिलेंगे, बल्कि सामान्य लोगों को भी घर खरीदने में मदद मिलेगी।

# बजट 2025: मध्यम वर्ग के लिए नया समय का आगाज़

**- एक लाख करोड़ रुपये आएंगे ग्राहकों के हाथ में**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय वित्त मंत्रालय ने हाल ही में प्रस्तुत किए गए बजट 2025 में 12 लाख रुपये तक की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके साथ ही अधिकतम कर दर भी बढ़ा दी गई है, जिससे सेक्टर को राहत मिलेगी। आम लोगों के लिए यह बजट एक सशक्तिकरण और सुरक्षा का संकेत है। इनकम टैक्स स्लैब में हुई बदलाव से लोगों के पास उचित धनराशि बचेगी, जिससे अर्थव्यवस्था में गति और विकास को प्रोत्साहित किया जा सकेगा। मिडिल क्लास के लिए यह बजट एक नए समय की शुरुआत है। सबसे अधिक प्रभावित सेक्टरों को राहत मिलने का भी आशा है, जो ग्रामीण भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बजट से मिडिल क्लास को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और उनकी जीवनशैली में सुधार आएगा। इससे रिटेल सेक्टर को नई ऊर्जा का संचार होगा, जिससे उसमें वृद्धि होगी और बढ़ावा मिलेगा। अब यह देखना है कि बजट के ऐतिहासिक प्रावधान कैसे सामाजिक और आर्थिक स्थिति में बदलाव लाते हैं और देश के लोगों के जीवन में कैसे एक नया परिवर्तन लाते हैं।

पिछले एक दशक में, ब्रांडेड दैनिक जरूरतों के सामान की बिक्री ग्रामीण भारत पर अधिक निर्भर रही है। भारत के गांवों में करीब 80 करोड़ लोग रहते हैं। इनका खरीदारी व्यवहार मुख्य रूप से कृषि उत्पादन से जुड़ा हुआ है। कंपनियों के अनुसार कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का आवंटन कई पहलों के साथ कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था बेहतर होगी। इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव के कारण लोगों के पास एक लाख करोड़ रुपये बचेंगे। यानी कह सकते हैं कि इतनी रकम उनके हाथ में होगी। इस रकम को वे टैक्सपेयर्स मार्केट में खर्च करेंगे।

# बुकिंग्स शुरू, 25 हजार का टोकन अमाउंट देकर बुक करें ई-विटारा




**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने बीते दिनों ऑटो एक्सपो में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार पेश की थी। तभी कंपनी ने मारुति सुजुकी ई-विटारा से पर्दा उठाया था। इसके बाद से ही ग्राहकों को इसके लांच का इंतजार है। लेकिन इस कार की अधिकारिक बुकिंग्स शुरू हो चुकी है।

25,000 रुपये का टोकन अमाउंट देकर आप अपनी कार यूनिट बुक कर सकते हैं। इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि अब इसका लांच करीब है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इस कार की कीमत की घोषणा नहीं की है। ई विटारा के लांच के बाद हमें सेम प्लेटफॉर्म पर टोयोटा की इलेक्ट्रिक कार की लॉन्चिंग भी देखने को मिलेगी जिसका नाम अर्बन क्रूजर ईवी होगा। ग्रैंड विटारा के समान, ई विटारा के तीन वेरिएंट पेश किए जा सकते हैं डेल्टा, ज़ेटा और अल्फा है। बेस वेरिएंट में 49-किलोवॉट बैटरी पैक मिल सकता है, जबकि टॉप वेरिएंट 61-किलोवाट बैटरी पैक से लैस होगा। बड़े बैटरी पैक के साथ दावा की गई रेंज 500 किमी है।

ई विटारा के हाइ एंड बैटरी पैक में 120 लिथियम-आयन आधारित सेल शामिल हैं। इन्हें -30एडिग्री से 60एडिग्री के अत्यधिक तापमान में भी काम करने के लिए टेस्ट किया गया है। ईविटारा के बैटरी पैक एक अडवांस्ड थर्मल मैनेजमेंट सिस्टम से लैस हैं जिसमें लो-आयन कूलेंट शामिल है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ई विटारा रियल वर्ल्ड की स्थितियों के तनाव को संभाल सकती है, कंपनी ने इसे कई अलग अलग तरह की परिस्थितियों में टेस्ट किया है। मारुति ईविटारा में इको, नॉर्मल और स्पोर्ट ड्राइविंग मोड हैं। मारुति की इस इलेक्ट्रिक कार में 10.1 इंच टचस्क्रीन इंफोटेंटमेंट सिस्टम, 10.25 इंच मल्टि-इंफोर्मेशन डिस्प्ले, फ्रंट वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर के साथ हरमन का साउंड सिस्टम मिलता है।

# निर्मला सीतारमण के बजट के आते ही क्यों भागने लगे स्विगी-जोमैटो के शेयर

**मुंबई ।**

सैलरी वाला झुनझुने से निराश चल रहा था। जब नया टैक्स रिजीम आया, तब गजब कन्फ्यूजन था। शाम तक समझ आया कि नहीं ये नया टैक्स रिजीम है, इसमें कोई 80-सी, हाउस रेंट वाली छूट नहीं है। तब सारा उत्साह फुस्स हो गया। फिर धीरे-धीरे न्यू टैक्स रिजीम को चमकाने का काम शुरू हुआ। देखते ही देखते सात लाख तक की इनकम टैक्स फ्री हो गई। फिर 72 प्रतिशत टैक्स देने वाले उस ओर चले गए। शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सात लाख की लिमिट को 12 लाख कर दिया। अब 80 प्रतिशत से ज्यादा सैलरी वाले इसी में आ जाएंगे। 75000 रुपए स्टैंडर्ड डिडक्शन जोड़ने पर 12.75 लाख रुपए की सालाना इनकम टैक्स फ्री होगी। फिर हिसाब लगाया तब पता चला ओल्ड टैक्स रिजीम अभी भी फायदेमंद है। हां, नए न्यू टैक्स रिजीम में जाने पर टैक्स सेविंग की कठिन प्रक्रिया से छुटकारा मिलेगा। इसमें कोई शक नहीं कि 80 प्रतिशत टैक्स देने वाले फायदे में रहने वाले है। स्विगी-जोमैटो के शेयर इसीलिए भागे। इस लिहाज से वित्त मंत्री का आठवां बजट खपत बढ़ाने वाला है। मध्यम वर्ग का ध्यान सालों बाद रखा गया है। लेकिन वित्त मंत्री ने बुनियाद नहीं छोड़ी। मोदी सरकार अगले साल भी 11 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा रेल, रोड, बंदरगाह, एनर्जी जैसे सेक्टर्स पर खर्च करेगी। इनकम टैक्स छूट से एक लाख करोड़ रुपए सरकारी खजाने में कम जमा होने हैं, लेकिन सरकारी खर्चे में कोई कमी नहीं होगी। इतिहास बताता है कि टैक्स में छूट देने पर टैक्स देने वाले बढ़ते जाते हैं। इसके बाद हो सकता हैं कि अगले साल टैक्स देने वालों की संख्या 10 करोड़ पहुंच जाए।

इस बल्ले-बल्ले के बीच एक खाई बहुत चौड़ी होती हुई दिख रही है। टैक्स देने वालों और न देने वालों के बीच की। 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 8 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करते हैं। यानी कुल आबादी के सात प्रतिशत से भी कम लोग रिटर्न फाइल करते है। इसमें भी पांच करोड़ जीरो टैक्स देने वाले हैं। मतलब सिर्फ रिटर्न फाइल करते हैं क्योंकि ऐसा करना लोन लेने सहित कई और बातों के लिए जरूरी है।

अब एक और आंकड़ा देखिए। हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय करीब एक लाख 72 हजार रुपए सालाना है। इसका मतलब प्रति व्यक्ति आय का सात गुना कमाने वाला भी टैक्स के दायरे से बाहर रहेगा। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत टैक्स नेट से है। 12 लाख 75 हजार रुपए से ज्यादा कमाने वाले सारे लोगों को इनकम टैक्स के दायरे में लाना चाहिए।

# एप्पल आईफोन की बिक्री में 23 प्रतिशत का बड़ा उछाल

**नई दिल्ली ।**

सालाना आधार पर भारत में 2024 में एप्पल आईफोन की बिक्री में 23 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल दिखाई दिया। इतना ही नहीं, आईपैड की बिक्री में भी 44 प्रतिशत की मजबूत बढ़त हुई है। साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) द्वारा जानकारी में बताया गया कि 2024 में भारतीय स्मार्टफोन मार्केट में एप्पल आईफोन की हिस्सेदारी बढ़कर 7 प्रतिशत हो गई है। इसकी वजह स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ना और छोटे शहरों में प्रीमियमाइजेशन का बढ़ता चलन है। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के वीपी (इंडस्ट्री रिसर्च ग्रुप), प्रभु राम ने कहा, कैलेंडर वर्ष 2024 में एप्पल के आईफोन और आईपैड में दोहरे अंक में मजबूत वृद्धि देखने को मिली है। इसकी वजह स्मार्टफोन में प्रीमियमाइजेशन बढ़ना है। इसके साथ ही एप्पल को घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ने और रिटेल सेगमेंट के विस्तार का फायदा मिल रहा है।भारत मध्यम वर्ग तेजी से प्रीमियम डिवाइस की तरफ आकर्षित हो रहा है। इसकी वजह केवल लाइफस्टाइल में बदलाव होना ही नहीं, बल्कि एडवांस टेक्नोलॉजी को जल्द अपनाने की आकांक्षा होना भी है। उन्होंने आगे कहा, आईफोन और आईपैड की अपील एप्पल के लिए बाजार वृद्धि का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। वर्ष 2025 और उसके बाद भी वृद्धि के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। भारत में एप्पल के लिए अभी भी शुरुआती दिन हैं। 2024 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एप्पल की एंट्री भारत के शीर्ष पांच मोबाइल ब्रांड में हो गई थी। राम के मुताबिक, आने वाले वर्ष में भारत में एप्पल की वृद्धि मजबूत गति के साथ जारी रहने की उम्मीद है, जो आक्रामक खुदरा विस्तार, टारगेटेड विपणन रणनीतियों और महत्वाकांक्षी भारतीय बाजार में गहरी पैठ से प्रेरित है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में एप्पल के लेटेस्ट के साथ पुराने मॉडल्स की मजबूत मांग बनी हुई है। वॉल्यूम के हिसाब से कंपनी का मार्केट शेयर करीब 10 प्रतिशत पर पहुंच गया था। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण कंपनी ने घरेलू बिक्री के साथ निर्यात में भी रिकॉर्ड बनाया है। 2024 में एप्पल इंडिया द्वारा 1.1 करोड़ से ज्यादा शिपमेंट की गई है।

## गर्व की बात, भारत में बनी जिम्नी 5 डोर जापान में हुई लांच

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी जिम्नी 5 डोर इंडिया की दूसरी कार बन गई है, जो कि जापान में लांच हुई है। इसके पहले मारुति सुजुकी फोंक्स को भी जापान में लांच किया गया था। खास बात ये है कि ये दोनों कारें मेड इन इंडिया है। यानी इनकी मैन्युफैक्चरिंग भारत में की गई है और बाद में इन्हें एक्पोर्ट करके जापान के बाजार में भेजा गया है। इसके पहले अभी तक जापान में इस सब-कॉम्पैक्ट ऑफ रोडर की 3 डोर वर्जन की ही ब्रिकी होती थी। अब जापान में भी अब 5 डोर मॉडल लांच होने के बाद वहां के बाजार में भी 5 डोर मॉडल सेल होगा। मेड इन इंडिया कारों का जापान जैसे बड़े और विकसित बाजार में लांच होना भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए अच्छी खबर है। लांच से पहले ही जापान में जिम्नी 5 डोर की इमेज भी ऑनलाइन लीक हो गई थी जिससे कार के लिए बज क्रिएट हो गया था। जापान में 5 डोर जिम्नी का तस्वीर सामने आने के बाद से ही बाजार में इस कार के लिए काफी एक्साइटमेंट था। जापान में इस मॉडल को सिजलिंग रेज एंड ब्लैक ड्यूल टोन पेंट स्कीम के साथ देखा गया था।




## जनवरी में जीएसटी संग्रह 195506 करोड़ रहा

**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह जनवरी 2025 में 195506 करोड़ रुपये रहा जो जनवरी 2024 में संग्रिहत 174106 करोड़ रुपये की तुलना में 12.3 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 171653 करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2024 में संग्रहित 154851 करोड़ रुपये की तुलना में 10.9 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 में कुल रिफंड 23853 करोड़ रुपये रहा है जो जनवरी 2024 के रिफंड की तुलना में 23.9 प्रतिशत अधिक है। जनवरी 2025 में सीजीएसटी 36077 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 44942 करोड़ रुपये, आई जीएसटी 101075 करोड़ रुपये रहा है। इसके अतिरिक्त अभिभार 13412 करोड़ रुपये रहा है।

## प्रेस्टीज एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 38 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर के दौरान 38 प्रतिशत घटकर 10,065.7 करोड़ रुपये रही है। कंपनी ने बताया कि नियामकीय मंजूरी में देरी के कारण वह कम आवासीय परियोजनाएं शुरू कर सकी। बेंगलुरु स्थित प्रेस्टीज एस्टेट्स देश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से है। अपनी हालिया निवेशक प्रस्तुति के अनुसार कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ महीनों के दौरान 13,128 रुपये प्रति वर्ग फुट की औसत कीमत पर 80.9 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। बेची गई इकाइयों की संख्या 3,618 थी, जबकि बिक्री मूल्य 10,065.7 करोड़ रुपये और ग्राहकों से संग्रह 8,910.9 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में कुल बिक्री बुकिंग में गिरावट के बावजूद, प्रेस्टीज एस्टेट्स को पूरे वित्त वर्ष में 24,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग मिलने का भरोसा है, क्योंकि घरों की मांग मजबूत बनी हुई है। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स की बिक्री बुकिंग 63 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 21,040 करोड़ रुपये थी, जो उससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में 12,931 करोड़ रुपये थी।

## कहीं महंगा तो कहीं सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**- ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 डॉलर गिरकर 75.67 डॉलर प्रति बैरल**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में एक बार फिर से क्रूड ऑयल की कीमतों में रविवार को गिरावट दर्ज की गई। इसी के साथ देश के कई राज्यों में पेट्रोल और डीजल के भाव में बदलाव देखा गया। हालांकि देश के चार प्रमुख महानगरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में से तीन में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। वहीं वैश्विक बाजार में 2 फरवरी को डब्ल्यूटीआई क्रूड की कीमत 0.20 डॉलर गिरकर 72.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं जबकि ब्रेंट क्रूड का भाव 0.22 डॉलर गिरकर 75.67 डॉलर प्रति बैरल हो गया। इस दौरान आंध्र प्रदेश में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता होकर 109.64 और डीजल 10 पैसे गिरकर 97.47 रुपये प्रति लीटर पर आ गया, जबकि अरुणाचल प्रदेश में तेल का भाव क्रमशः 28-26 पैसे टूटकर 90.67-80.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। केरल में पेट्रोल की कीमत 18 पैसे टूटकर 107.30 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल का भाव 30 पैसे गिरकर 96.18 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मणिपुर में पेट्रोल 6 पैसे सस्ता होकर 99.15 और डीजल 5 पैसे गिरकर 85.21 रुपये प्रति लीटर हो गया है। उधर मेघालय में पेट्रोल का भाव तीन पैसे गिरकर 96.20 और डीजल 18 पैसे सस्ता होकर 87.73 रुपये प्रति लीटर हो गया है, ओडिशा में पेट्रोल 18 पैसे सस्ता होकर 100.93 और डीजल 18 पैसे गिरकर 92.51 रुपये प्रति लीटर हो गया है, पंजाब में पेट्रोल 7 पैसे गिरकर 97.47 और डीजल 7 पैसे टूटकर 87.96 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं तमिलनाडु में तेल का भाव क्रमशः 43-42 पैसे सस्ता होकर 100.80- 92.39 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है। इसके अलावा बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में पेट्रोल और डीजल के भाव में हल्की तेजी देखी गई है।

# बजट के ऐलान और आरबीआई के फैसले का शेयर बाजार पर रहेगा असर

**- कच्चे तेल की कीमतें और भू-राजनीतिक घटनाएं भी घरेलू बाजारों को कर सकती हैं प्रभावित**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर इस सप्ताह केंद्रीय बजट की घोषणाओं, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय और जनवरी के वाहन बिक्री आंकड़ों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1315.5 अंक (1.7 प्रतिशत) की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 77505.96 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 389.95 अंक (1.7 प्रतिशत) की बढ़ोतरी लेकर 24382.15 अंक पर बंद हुआ। बीते सप्ताह शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश किये जाने की वजह से बाजार में छह दिन कारोबार हुआ। शनिवार को बाजार का विशेष सत्र रखा गया था। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान मिडकैप 168.65 अंक अर्थात 0.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ सप्ताहांत पर 42884.28 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 7.71 अंक की मामूली गिरावट लेकर 50099.80 अंक पर सपाट रहा। विश्लेषकों के अनुसार बीते शनिवार को




संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पेश किए गए बजट में की गई घोषणाएं विशेष रूप से आर्थिक सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश और कर नीतियों से संबंधित प्रावधान इस सप्ताह बाजार की धारणा को प्रभावित करेंगी। साथ ही आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक अगले सप्ताह 05 से 07 फरवरी को होने वाली है। नीतिगत दरों में बदलाव, विशेष रूप से ब्याज दरों में कटौती या तरलता बढ़ाने के उपाय बाजार की चाल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं। इसी तरह जनवरी 2025 के वाहनों की बिक्री का भी बाजार पर असर रहेगा। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों की चाल, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाएं घरेलू बाजारों को प्रभावित कर सकती हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की गतिविधियों पर निवेशकों की नजर रहेगी। हाल के महीनों में एफपीआई द्वारा बाजार से बड़े पैमाने पर पूंजी निकासी देखी गई है। हालांकि, जनवरी सीरीज के अंत में उन्होंने इंडेक्स फ्यूचर्स में अपनी शॉर्ट पोजिशन को कम किया है, जिससे उम्मीद है कि उनकी निकासी की गति धीमी हो सकती है। साथ ही इस सप्ताह डेरिवेटिव्स बाजार के संकेत का भी असर रहेगा। वित्तीय सेवाओं और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उच्च ओपन इंटरेस्ट देखा गया है, जो इन क्षेत्रों में बढ़ी हुई गतिविधि का संकेत देता है। ये दोनों क्षेत्र निफ्टी में लगभग 50 प्रतिशत का योगदान करते हैं इसलिए इनकी चाल का बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव होगा। इन कारकों के आधार पर इस सप्ताह बाजार में उतार-चढ़ाव की संभावना है।

## हिमाचल प्रदेश: केंद्रीय बजट में आयकर से 1.50 लाख आयकरदाताओं को लाभ

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में 12 लाख रुपये तक की आय में आयकर की छूट से 1.50 लाख आयकरदाताओं को सीधे लाभ मिलेगा। यह नई आयकर सीमा को बढ़ाने से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। इसमें 80 हजार सरकारी कर्मचारी भी शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश से 4.20 लाख लोग आयकर भरते हैं, जिसमें से 1.50 लाख ही आयकर देते हैं। आयकर सीमा को बढ़ाने के बाद 40 हजार सरकारी कर्मचारी आयकर मुक्त होंगे। ये आयकर सीमा को बढ़ाने का फोटो पीछे के वर्षों से कर्मचारियों की मांग थी। इस संबंध में सर्व कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि मध्यम वर्ग को अवश्य राहत दी गई है। इस नई पहल से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को फायदा होगा और उन्हें आयकर भरने में काफी राहत मिलेगी। इस बजट में हिमाचल की रेल परियोजनाओं को लेकर अलग से कोई बजट नहीं आया है, जिससे कुछ लोगों की उम्मीदें भी टूटी हैं। इसके बावजूद आयकर सीमा में की गई यह बड़ी राहत हर किसी के लिए ऐसी है जिसे कोई भी सोच सकता नहीं था। इस प्रकार, नए आयकर सीमा को बढ़ाने से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों को बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिलेंगे और उन्हें आर्थिक रूप से देश के विकास में योगदान देने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार गिरावट के साथ बंद

**सरसों की नयी फसल की आवक के बीच उसकी कीमतों पर दबाव से सरसों तिलहन में गिरावट को बढ़ावा दिया**

**नई दिल्ली ।**

आम बजट में चिंता जताने और चीजों को बदलने के प्रयासों की घोषणा के बावजूद बीते सप्ताह बिनौला तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने बताया कि इस गिरावट का मुख्य कारण सरसों की नयी फसल की आवक के बीच उसकी कीमतों पर दबाव है, जिसने सरसों तिलहन में गिरावट को बढ़ावा दिया। किसानों की सचेती और सोयाबीन के डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग प्रभावित रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम भी गिरावट के साथ बंद हो गए। इसके अलावा, बिनौला खल के दाम टूटने और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा पहले न्यूनतम समर्थन मूल्य की खरीद लागत से कम दाम पर बिनौला सीड की बिक्री करने से बाकी सभी देशी खल और डीओसी पर दबाव बढ़ गया है। । बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 175 रुपये गिरावट के साथ 6,050-6,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश- 10-10 रुपये के हानि के साथ क्रमश- 2,240-2,340 रुपये और 2,240-2,365 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ।समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमश- 50-50 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश- 4,225-4,275 रुपये और 3,925-4,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमश- 50 रुपये, 50 रुपये और 100 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश- 13,200 रुपये, 13,000 रुपये और 9,250 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तिलहन का भाव भी 375 रुपये की गिरावट के साथ 5,300-5,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव भी क्रमश- 150 रुपये और 25 रुपये की गिरावट के साथ 13,950 रुपये और 2,115-2,415 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 100 रुपये टूटकर 12,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 150 रुपये टूटकर 13,700 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 100 रुपये टूटकर 12,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।गिरावट के आम रुख के उलट समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल 50 रुपये की तेजी के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## होंडा इंडिया लिमिटेड सिटी और एलिवेट की कीमतों में बढ़ोत्तरी करेगी

**मुंबई ।** होंडा कार इंडिया लिमिटेड ने नई अमेजन की लॉचिंग के साथ अपने सब 4 मीटर गाड़ियों के पोर्टफोलियो में सुधार किया है। ऑटोमेकर्स की होंडा सिटी और एलिवेट भी बाजार में अच्छी पकड़ बनाए हुए है। लेकिन नए साल 2025 में जापानी ऑटोमेकर्स अपनी कारों की कीमत में बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। होंडा अपनी कारों की कीमत 20 हजार रुपये तक बढ़ाने वाली है। होंडा सिटी मैनुअल, ऑटोमेटिक और हाईब्रिड इन तीन ट्रांसमिशन के साथ बाजार में शामिल है। होंडा सिटी के मैनुअल वेरिएंट में आठ वेरिएंट बाजार में हैं, इसमें 20 हजार रुपये का इजाफा हुआ है। इस कार के बेस मॉडल एसवी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं हाईब्रिड के तीन मॉडल मार्केट में हैं, जिसमें केवल जेडएक्स वेरिएंट 20 हजार रुपये महंगा हुआ है। ये इस कार का टॉप वेरिएंट भी है। होंडा सिटी की एक्स-शोरूम प्राइस 11.82 लाख रुपये से शुरू होकर 20.75 लाख रुपये तक जाती है। होंडा एलिवेट मैनुअल और ऑटोमेटिक दो ट्रांसमिशन में इंडियन मार्केट में शामिल है। इस कार के मैनुअल में आठ वेरिएंट मौजूद है। होंडा की इस कार के किसी भी मैनुअल वेरिएंट की कीमत को नहीं बढ़ाया गया है। वहीं ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन के साथ इस कार में छह वेरिएंट आते हैं। होंडा एलिवेट की कीमत में बढ़ोतरी से बेस मॉडल की कीमत में इजाफा नहीं हुआ है, लेकिन इसके टॉप मॉडल की कीमत बदल गई है।

खास खबर

## प्रज्ञानानंदा टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

**विज्क आन जी।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नीदरलैंड के विज्क आन जी में हुए टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज खिताब को जीत लिया है। प्रज्ञानानंदा ये खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। प्रज्ञानानंदा ने अपने ही हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को सडन डेथ में हराकर ये खिताब अपने नाम किया। इस मैच में गुकेश ने एक गलती की और प्रज्ञानानंदा ने उन्हें मात दे दी। दोनो ने अंतिम दौर में टाई-ब्रेकर सेट किया था जिसमें प्रज्ञानानंदा ने बाजी मार ली। वहीं इससे पहले गुकेश का मुकाबला नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के साथ बराबरी पर रहा जबकि प्रज्ञानानंदा ने सर्बिया के एलेक्सी सेराना को शिकस्त दी। इन दोनो ही भारतीय खिलाड़ियों ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली। प्रज्ञानानंदा ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो गुकेश के बराबर है।

## भारतीय टीम पावरप्ले में सबसे अधिक रन बनाने वाली चौथी टीम बनी

**मुम्बई।** भारतीय टीम ने मेहमान टीम इंग्लैंड के खिलाफ यहां पांचवे टी20 क्रिकेट मुकाबले में सबसे तेजी से रन बनाने का एक नया रिकार्ड बनाया। अभिषेक शर्मा के आक्रामक शतक के अलावा तिलक वर्मा और शिवम दुबे ने तेजी से खेलते हुए भारतीय टीम को 20 ओवरों में 9 विकेट पर 247 रनों तक पहुंचा दिया। इसी के साथ ही भारतीय टीम पावरप्ले में सबसे अधिक 95 रन बनाने वाली चौथी टीम बन गयी है। सबसे तेजी से रन बनाने वाली इस सूची में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले नंबर पर है। उसने साल 2024 में ही स्कॉटलैंड के खिलाफ पावरप्ले में ही 113 रन बना दिए थे। तब ट्रेविस हेड ने 25 गेंदों पर ही 80 रन बना दिये थे। ऑस्ट्रेलिया ने 156 रन का लक्ष्य 9.4 ओवर में ही हासिल कर लिया था। पावरप्ले में टीम के लिए सबसे ज्यादा 113 रन ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ बनाये थे। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टंडीज के खिलाफ मैच में 102 और वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ 98 रन बनाये थे। वहीं चौथे नंबर परी रही भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 95 रन बनाये हैं।

## एफआईएच प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए मुफ्त होंगे टिकट

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 15 से 25 फरवरी तक एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 मैचों के लिए भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में सभी प्रशंसकों के लिए मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है। भुवनेश्वर चरण में भारत, इंग्लैंड, स्पेन, जर्मनी और आयरलैंड की शीर्ष पुरुष टीमें भाग लेंगी, जबकि महिला प्रतियोगिता में भारत का सामना जर्मनी, इंग्लैंड, नीदरलैंड और स्पेन से होगा। प्रत्येक टीम एक दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेंगी। भारत का अभियान 15 फरवरी को शुरू होगा, जिसमें महिला टीम का सामना इंग्लैंड से होगा, उसके बाद पुरुष टीम का सामना स्पेन से होगा।
भुवनेश्वर में हॉकी प्रो लीग मैचों के लिए मुफ़्त टिकट प्राप्त करने की प्रक्रिया-
प्रशंसक वर्चुअल टिकट प्राप्त करने के लिए www.ticketgenie.in पर पंजीकरण कर सकते हैं, जिससे मैच के दिनों में परेशानी मुक्त प्रवेश सुनिश्चित होगा।

# भारतीय टीम को चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत दिला सकते हैं विराट व रोहित : गंभीर





एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने खराब फार्म से जूझ रहे विराट कोहली और रोहित शर्मा का बचाव करते हुए कहा है कि आगामी चैम्पियंस ट्रॉफी में ये दोनो टीम को जीत दिला सकते हैं। विराट और रोहित पिछ्ले कुछ समय से रन बनाने में लगातार असफल रहे हैं। ऐसे में इनको टीम में रखे जाने पर भी सवाल उठ रहे थे। गंभीर ने कहा, उन्हें (चैंपियंस ट्रॉफी में) बड़ी भूमिका निभानी होगी। मुझे लगता है कि रोहित और विराट दोनों ड्रेसिंग रूम में बहुत अधिक मूल्य जोड़ते हैं। वे भारतीय क्रिकेट में भी बहुत मूल्य जोड़ते हैं। और मैंने पहले भी कहा है, वे लोग जीत के बहुत भूखे हैं, वे देश के लिए खेलना चाहते हैं। उनमें देश के लिए खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने का जज्बा है। गंभीर ने कहा कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी में एक पल के लिए भी आराम नहीं कर सकती क्योंकि 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में उनके पास लय हासिल करने के लिए केवल तीन लीग मैच हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में पूरी तरह से अलग चुनौती है, इसलिए आप इस टूनार्मेंट में कहीं भी नहीं रुक सकते। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छी शुरूआत करने जा रहे हैं, क्योंकि अंततः, यदि आप आगे बढ़ना चाहते हैं और प्रतियोगिता जीतना चाहते हैं, तो आपको 5 गेम जीतने होंगे। गंभीर ने 23 फरवरी को दुबई में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को अधिक हाइप देने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि देखिए, हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23वां मैच हमारे लिए सबसे अहम है। मुझे लगता है कि सभी खेल महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष गेम जीतना। महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे लगता है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर तौर पर भावनाएं बहुत अधिक होती हैं पर अंततः मुकाबला वही रहता है।

## अपने पास मोबाइल भी नहीं रखते धोनी : शुक्ला

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का स्वभाव ऐसा है कि वह हमेशा अलग रहते हैं। यहां तक कि अपने पास मोबाइल फोन तक नहीं रखते। ऐसे में कई बार चयन समिति को भी उसने संपर्क करने में परेशानी आती है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि पर धोनी हो कमिटमेंट करते हैं, उसे जरुर पूरा करते हैं। साथह कहा कि धोनी के अंदर कोई हल्कापन नहीं है। वह बेकार की बातें नहीं करते। जब उनसे पूछा गया कि धोनी समाज से अलग क्यों रहते हैं इस पर उन्होंने कहा, वह उनका स्वभाव है। वह मोबाइल फोन ही नहीं रखते अपने पास। यहां तक कि बीसीसीआई चयनकर्ताओं के लिए भी उनसे संपर्क करना मुश्किल होता है। मैंने देखा है कि वह सिद्धांतवादी हैं। जो कमिटमेंट करते हैं, उसे वह गंभीरता से लेते हैं। वह गंभीर हैं औरउनमें कोई हल्कापन नहीं नहीं है। वह फिजूल की बातें नहीं करते। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से काफी समय पहले रिटायर हो चुके हैं।

# माया राजेश्वरन ने एलएंडटी मुंबई ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई




एजेंसी

**मुंबई।** भारत की 15 वर्षीय माया राजेश्वरन ने मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में जारी एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 सीरीज में एक और सनसनीखेज जीत दर्ज की। माया राजेश्वरन ने जेसिका फेला के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 7-6, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए मुख्य ड्रॉ का टिकट हासिल किया। माया राजेश्वरन ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उन्होंने पिछले राउंड में दुनिया की 265वें नंबर की खिलाड़ी निकोल फोसा ह्यूर्गो को हराया था। अब वह मुख्य ड्रॉ का हिस्सा होंगी और पहले दौर में ग्रेट ब्रिटेन की युरिको लिली मियाजाकी से भिड़ेंगी। युवा टेनिस स्टार स्पेन में राफेल नडाल अकादमी का हिस्सा रही हैं, जबकि दुनिया भर में आईटीएफ जूनियर टूर्नामेंट में भाग ले चुकी हैं। मुख्य ड्रॉ में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के बाद माया ने अपने अब तक के प्रदर्शन पर विचार किया और अपने लक्ष्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं क्वालीफाई करने से बहुत खुश थी क्योंकि जब मैंने टूर्नामेंट में प्रवेश किया था तो यह मेरा पहला लक्ष्य था। मेरे लक्ष्य अभी पूरे नहीं हुए हैं, लेकिन अभी के लिए पहला लक्ष्य पूरा हो गया है। उसने तीसरे सेट में मेरी परीक्षा ली, लेकिन मैं जीत कर खुश हूं। इस 15 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने अपने सफर में मिले सपोर्ट पर भी प्रकाश डाला। माया ने खासतौर पर अपने माता-पिता से मिले सपोर्ट की बात की। उन्होंने कहा, एक बात जिससे मैं वास्तव में खुश हूं, वह यह है कि मेरे पिताजी अक्सर मुझसे परेशान नहीं होते, क्योंकि मैं भारत में टूर्नामेंट नहीं खेलती, लेकिन जब मैं भारत में यात्रा करती हूं, तो वे आते हैं। जब वह मेरे साथ होते हैं तब मैं बहुत खुश होती हूं क्योंकि अगर वे वहां होते हैं, तो मैं वास्तव में अपना सिर नीचे करके ध्यान केंद्रित करती हूं। वे मुझे शांत रहने में मदद करते हैं, इसलिए भले ही मैं बहुत कठिन मैच खेल रही हूं, वे मेरा समर्थन करने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। मुझे लगता है कि उस समय मेरा लगभग 100 फीसदी दबाव उन पर जाता है।

## सीके नायडू अंडर - 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# झारखंड ने बिहार को एक पारी व 97 रनों से हराया



एजेंसी

**रांची।** झारखंड ने जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सीके नायडू अंडर - 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत खेले गए मैच में बिहार को एक पारी व 97 से हरा दिया। इस तरह झारखंड ने अपने सभी छह मैच खेल कर कुल 65 अंक प्राप्त किए। ग्रुप डी से झारखंड व मुंबई ने नाक आउट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इससे पहले तीसरे दिन आज सुबह झारखंड ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 621 रनों पर समाप्त घोषित कर दी ।कुनैन कुरैशी ने सात छक्के एवं 11 चौकों की मदद से नाबाद 155 रन बनाए। अभिनव शरण ने नौ चौके की मदद से 53 रन बनाए। बिहार की ओर से सूरज कश्यप, आकाश राज एवं मनीष ने दो-दो विकेट लिए। इस तरह झारखंड को पहली पारी में कुल 424 रनों की बढ़त मिली। इसके बाद बिहार ने अपनी दूसरी पारी में 327 रन बनाए। बिहार की ओर से पृथ्वीराज ने शतकीय पारी खेल कर अपनी टीम को पारी की हार से बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सके। पृथ्वीराज ने 104 रनों की अपनी संघर्षपूर्ण पारी में 6 छक्के एवं दस चौके लगाए। इसके अलावा उत्कर्ष सिंह ने 36, सूरज कश्यप ने 31, प्रशांत कुमार ने 38 एवं सुमन ने 38 रन बनाए। रोहित ने 21 रनों का योगदान किया।

## राष्ट्रीय खेल : विवेक पांडे ने वेटलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर उत्तराखंड का बढ़ाया मान



एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के चंपावत जिले के टनकपुर निवासी विवेक पांडे ने पुरुषों की 109+ किलोग्राम भारवर्ग वेटलिफ्टिंग में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से राज्य में वेटलिफ्टिंग को नई पहचान मिली है। विवेक पांडे के लिए यह सफलता बेहद खास रही, क्योंकि पिछले साल उत्तराखंड ने इस श्रेणी में कोई प्रतिनिधित्व नहीं किया था। महज दो साल पहले वेटलिफ्टिंग की शुरूआत करने वाले विवेक ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए विवेक ने कहा, मैंने दो साल पहले वेटलिफ्टिंग शुरू की थी। मेरे कोचेस ने मेरी बहुत मदद की। मैं अपनी इस उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने माता-पिता को देता हूं। उन्होंने अपने प्रशिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उनके प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कुलदीप सेन पंजाब किंग्स से जुड़ने पर उत्साहित, आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की टीम में शामिल हुए नए खिलाड़ी कुलदीप सेन, जो आईपीएल 2025 की नीलामी में फ्रैंचाइज में शामिल हुए थे, इस चुनौती से उत्साहित हैं और इस सीजन को अपने और टीम के लिए यादगार बनाना चाहते हैं। बचपन से ही क्रिकेट के दीवाने सेन ने 15 साल की छोटी उम्र में ही इस खेल को खेलना शुरू कर दिया था। उनकी प्रतिबद्धता और धैर्य ने उन्हें 2022 में भारत के लिए अपना वनडे डेब्यू करने में मदद की। हालाँकि, शुरूआती प्रशिक्षण के दिनों में, उनकी माँ के अलावा उनके परिवार में किसी को भी नहीं पता था कि वह क्रिकेट खेलते हैं क्योंकि उनके पिता को यह खेल कभी पसंद नहीं था।दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा, मेरे परिवार में कोई भी क्रिकेट के बारे में ज्यादा नहीं जानता था। चूंकि मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से आता हूं, इसलिए उन्हें क्रिकेट खेलने, कहां प्रशिक्षण लेना चाहिए आदि के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सभी को क्रिकेट देखना पसंद था, लेकिन मेरे पिता को यह बिल्कुल पसंद नहीं था। उन्होंने मेरे खेलने के बाद ही क्रिकेट देखना शुरू किया; अन्यथा, वे प्रशंसक नहीं होते। जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया, तो मेरे परिवार में मेरी मां के अलावा किसी को भी इसके बारे में पता नहीं था। शुरूआती सालों में आर्थिक तंगी ने कुलदीप के संघर्ष को और बढ़ा दिया; 2019 में घरेलू क्रिकेट के लिए मध्य प्रदेश की टीम में उनके चयन ने न केवल उनके पिता का समर्थन प्राप्त किया, बल्कि उन्हें वित्तीय मदद भी की। तब से, उन्होंने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण भी किया है। भारत के लिए बुलाए जाने के अपने पल को याद करते हुए, सेन ने कहा, जब मुझे भारत के लिए बुलाया गया, तब मैं एनसीए में था। मुझे नहीं पता था कि मेरा चयन होने वाला है।

## सूरज उरांव का हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन



**रांची।** उत्तराखंड में आयोजित हो रहे हैं 38वीं राष्ट्रीय खेल में 07- 11 फरवरी 2025 तक हैंडबॉल प्रतियोगिता होना जिसमें हैंडबॉल खेल स्पर्धा के लिए हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर रातु, रांची के सूरज उरांव का चयन झारखंड हैंडबॉल टीम में किया गया जो, झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके पूर्व झारखंड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में 10 जनवरी 2025 को चयन ट्रायल का आयोजन किया गया था जिसमे रांची से सूरज उरांव चयन किया गया। वर्तमान में सूरज उरांव हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर के प्रशिक्षक विष्णु कुमार के देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इनके चयन होने पर सभी बालक/बालिका खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

# राष्ट्रीय खेल : वेटलिफ्टिंग के अंतिम दिन टूटे रिकॉर्ड, मेहक शर्मा ने किया शानदार प्रदर्शन



एजेंसी

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेल के वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के अंतिम दिन कई रिकॉर्ड टूटे और पंजाब की मेहक शर्मा ने महिला श्रेणी में तीन नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। महिला 87+ किलोग्राम श्रेणी में प्रतियोगिता में भाग लेते हुए, मेहक ने अपने अंतिम क्लीन एंड जर्क प्रयास में 141 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 140 किलोग्राम से भी अधिक था। इसके अलावा, उन्होंने स्नैच में भी नया रिकॉर्ड बनाते हुए 106 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनके पहले के रिकॉर्ड 105 किलोग्राम से बेहतर था। कुल मिलाकर, मेहक ने 247 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनके पिछ्ले रिकॉर्ड 244 किलोग्राम से 3 किलोग्राम अधिक था। अब मेहक शर्मा के नाम अपने श्रेणी में स्नैच, क्लीन एंड जर्क और कुल वजन उठाने के सभी रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद मेहक शर्मा ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं अपने कोच और परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करती हूं। इस खेल में कुछ भी हासिल करना कोचों की मदद के बिना संभव नहीं है।

## यूनाइटेड क्लब ऊंचडीह ने जीती वॉलीबाल की शील्ड

**प्रयागराज।** तहसील मेजा के गांव मिश्रपुर के खेल मैदान पर बालकों की सब जूनियर वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई। जिसमें यूनाइटेड वॉलीबाल क्लब ऊँचडीह की टीम विजेता घोषित हुई। वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर के सहयोग से डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए), प्रयागराज के तत्वावधान में खेली गई (अंडर-17) बालकों की वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुल सात टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर खेल-कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला यूनाइटेड वॉलीबाल क्लब ऊँचडीह और वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर के बीच खेला गया। जिसमें यूनाइटेड वॉलीबाल क्लब ऊँचडीह ने वॉलीबाल क्लब मिश्रपुर को 24-26, 25-19 और 25-23 अंकों से हराकर एसोसिएशन की चल वैजंती जीत ली।

# टीम इंडिया ने टी20 में चौथी बार बनाया अपना सबसे बड़ा स्कोर



एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय टीम ने अभिषेक शर्मा के शतक की सहायता से इंग्लैंड के खिलाफ पांचवे टी20 मैच में 247 तक बनाकर एक बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में अभिषेक ने तूफानी पारी खेलते हुए 54 गेंदों पर पर ही 135 रन बना दिये। इस मैच में भारतीय टीम ने टी20 का चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टीम इंडिया ने इससे पहले 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ 6 विकेट पर 297 रन बौर इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2024 में ही 283 रन बनाए थे। इसके अलावा 2017 में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 260 रन बनाये थे। वहीं एक पारी में सबसे अधिक रनों का रिकार्ड 344/4 रन है। ये रिकार्ड आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के उप-क्षेत्रीय अफ्रीका क्वालीफायर के दौरान गाम्बिया के खिलाफ जिम्बाब्वे ने बनाया था। वचीं 297/6 रन अक्टूबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने बनाये थे। इसके अलावा श्रीलंका ने 2007 में 260/6 रन साल केन्या के खिलाफ बनाये थे।

# आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चार भारतीय शामिल



एजेंसी

**नई दिल्ली।** चार भारतीय खिलाड़ियों को आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता था। टीम में सलामी बल्लेबाज के तौर पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट गोंगडी त्रिशा हैं, जिन्होंने शीर्ष क्रम में 309 रन बनाए। त्रिशा को फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने गेंद से 15 रन देकर तीन विकेट लिए और फिर नाबाद 44 रन बनाए, जिससे भारत ने नौ विकेट से खिताबी जीत हासिल की। टीम में उनके साथ साथी ओपनर जी कमलिनी भी हैं, जिन्होंने टूनार्मेंट में 143 रन बनाए, और गेंदबाज आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा भी हैं। वैष्णवी ने टूर्नामेंट में 17 विकेट लिए, जिसमें बेयुमास ओवल में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के दो विकेट भी शामिल हैं, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है, जबकि 17 वर्षीय आयुषी 14 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। दक्षिण अफ्रीका, जो दो साल पहले सुपर सिक्स चरण से आगे बढ़ने में विफल रहा था, की दो खिलाड़ियों को नामित किया है। 11 विकेट लेने के बाद कायला रेनेके को टीम का कप्तान बनाया गया है, जबकि जेम्मा बोथा - जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 24 गेंदों पर 37 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली थी - को त्रिशा के साथ ओपनिंग के लिए चुना गया है। तेज गेंदबाज नथाबिसेंग निनी को 12वें खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। इंग्लैंड (जिसे दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने हराया था) की डेविना पेरिन (टूर्नामेंट की दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी 176 रन) और विकेटकीपर कैटी जोन्स को भी टीम में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया की काओइमहे ब्रे पांचवें नंबर पर हैं, जबकि मध्यक्रम में नेपाल की कप्तान और ऑलराउंडर पूजा महतो हैं, जिन्होंने 70 रन बनाए और नौ विकेट लिए - जिसमें मलेशिया के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट शामिल हैं। टीम में श्रीलंका की गेंदबाज चामोदी प्रबोदा शामिल हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट में नौ विकेट लिए। निर्णयाक पैनल में कमेंटेटर जूलिया प्राइस, एचडी एकरमैन, रौनक कपूर और आईसीसी मैनेजर (महिला क्रिकेट) स्नेहल प्रधान शामिल थे।

आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट इस प्रकार है-
जी त्रिशा (भारत), जेम्मा बोथा (दक्षिण अफ्रीका), डेविना पेरिन (इंग्लैंड), जी कमलिनी (भारत), काओइमहे ब्रे (ऑस्ट्रेलिया), पूजा महातो (नेपाल), कायला रेनेके (कप्तान) (दक्षिण अफ्रीका), केटी जोन्स (विकेट कीपर) (इंग्लैंड), आयुषी शुक्ला (भारत), चामोदी प्रबोदा (श्रीलंका), वैष्णवी शर्मा (भारत), नथाबिसेंग निनी (दक्षिण अफ्रीका)।



जर्मनी में बुंदेलशगा लीग फुटबॉल में खेलते बेयर्न और लेवरकुशन के खिलाड़ी।



# प्रसिद्ध होने से पहले सुदेश लेहरी ने बेचीं सब्जियां, बनाए जूते

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुदेश लेहरी जब अर्चना पूरन सिंह के यूट्यूब शो में आए तो उन्होंने अपने गरीबी से सफलता तक के अपने सफर के बारे में बताया, जिसमें उन्होंने अपने कई संघर्षों के साथ पेरिस की एक दर्दनाक घटना को भी याद किया। जब वह खर्चा चलाने के लिए सब्जियां बेचते थे। यही नहीं, बल्कि उन्होंने एक समय पर लोगों के जूते भी सिले हैं। सुदेश ने हाल ही में अर्चना पूरन सिंह से बात की और अपने सफर के बारे में कई बातें बताईं। सुदेश ने कहा, 'आज मैं जिस मुकाम पर हूं, उसके लिए मैंने वाकई कड़ी मेहनत की है। जब मैंने अपना करियर शुरू किया, तो मैंने इतना संघर्ष किया कि मैं दिवालिया हो गया, मेरा घर बिक गया।

लाइफ Style

# तृप्ति डिमरी

## परवीन बॉबी के किरदार में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिसकी शूटिंग में अभिनेत्री व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री के नए प्रोजेक्ट को लेकर दिलचस्प खबर सामने आ रही है। ऐसा लगता है कि तृप्ति के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खबर है कि तृप्ति डिमरी को एक बायोपिक ओटीटी सीरीज में दिवंगत परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार , तृप्ति को एक बायोग्राफिकल सीरीज में दिग्गज अभिनेत्री परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस नेटफ्लिक्स सीरीज का निर्माण जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें द स्काई इज पिंक की निर्देशक शोनाली बोस इस प्रोजेक्ट का निर्देशन करेंगी। एक सूत्र ने बताया कि तृप्ति की तारीखें तय हो गई हैं।

निर्देशक शोनाली बोस और उनकी टीम इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही हैं। 2024 में लगातार दो फिल्मों के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद प्रशंसक तृप्ति को इस प्रतिष्ठित भूमिका में देखने के लिए बेताब हैं। तृप्ति डिमरी के पास आने वाले समय में कई रोमांचक फिल्में हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से खुद को एक स्टार के रूप में साबित किया है और अब वह एक बार फिर ओटीटी स्पेस में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। इससे पहले बुलबुल और कला जैसी नेटफ्लिक्स फिल्मों में अभिनय कर चुकीं तृप्ति डिमरी को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल होना एक बेहतरीन अगला कदम लगता है।



हॉलीवुड मसाला



# एनिलिया पेरेज से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** स्पेनिश अभिनेत्री कार्ला सोफिया गैसकॉन को वैश्विक पहचान तब मिली जब उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज' ने पिछले साल कान फिल्म महोत्सव में कई पुरस्कार जीते। इसमें उन्होंने एक मेक्सिकन नारको बॉस का किरदार निभाया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स ने खरीदा और हाल ही में इस फिल्म ने नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज फिल्मों के लिए सबसे ज्यादा ऑस्कर नॉमिनेशन का रिकॉर्ड तोड़ा। कार्ला सोफिया गैसकॉन ने अपनी पुरानी पोस्ट्स को लेकर माफी मांग ली है।



# गंगा में डुबकी लगाते क्रिस का वीडियो वायरल

**मुंबई।** हाल ही में कोल्डप्ले बैंड ने अपना भारत दौरा समाप्त किया है, इस दौरान बैंड ने अहमदाबाद और मुंबई में कॉन्सर्ट आयोजित किए। इसके बाद बैंड के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन और उनकी गर्लफ्रेंड डकोटा जॉनसन प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र गंगा में स्नान किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें क्रिस मार्टिन ओर डकोटा जॉनसन गंगा में डुबकी लगाते दिख रहे हैं। इस वीडियो को एक यूजर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है, जिसमें आप देख सकते हैं कि क्रिस और डकोटा इस यूजर के बिल्कुल नजदीक दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्ट में यूजर ने लिखा, 'मैंने कोल्डप्ले कॉन्सर्ट की जगह कुंभ को चुना और महादेव की कृपा से सिंगर क्रिस मार्टिन खुद चलकर मेरे पास आ गए।'



# स्वरा भास्कर को वापस मिला एक्शन अकाउंट

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर का एक्स अकाउंट सस्पेंड और हैक होने के बाद वापस आ गया है। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर यह खबर साझा की। साथ ही उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान उनका सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया। इससे पहले स्वरा ने बताया था कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। अब स्वरा ने अपना एक्स अकाउंट वापस मिलने के बाद पोस्ट साझा की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'और हम एक बुरे पैसे की तरह वापस आ गए हैं। मदद करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। प्रशंसकों ने पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और स्वरा को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर स्वरा की वापसी पर खुशी जाहिर की। वहीं, स्वरा ने फिर उनका आभार भी जताया। इससे पहले स्वरा ने लिखा था, 'और अब ऐसा लगता है कि मेरा ट्विटर/एक्स अकाउंट हैक हो गया है।'




# नो एंट्री 2 की शूटिंग ग्रीस में होगी

**मुंबई।** डायरेक्टर अनीस बज्मी बॉलीवुड में बेहतरीन कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में वह अपनी अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'नो एंट्री 2' की शूटिंग लोकेशन देखने के लिए विदेश पहुंचे। इस बात की जानकारी डायरेक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर करके दी। उनके साथ इस ट्रिप पर प्रोड्यूसर बोनी कपूर और मानू आनंद भी नजर आए। अनीस बज्मी ने एक कैप्शन भी लिखा- 'पागलपन की तैयारी शुरू। आगे वह फिल्म 'नो एंट्री 2' का हैशटैग यूज करते हैं। यह फिल्म साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री'का सीक्वल है। 'नो एंट्री' में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। लेकिन, फिल्म 'नो एंट्री 2' में नई स्टार कास्ट है। इस फिल्म की शूटिंग ग्रीस देश में होगी।

टीवी मसाला

# गुरुचरण सिंह का भांगड़ा की थाप पर जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली।** फैंस के दिलों में बसने वाले तारक मेहता का उल्टा चश्मा के मिस्टर सोढ़ी का नया वीडियो खूब वायरल हो रहा है। लंबे समय बाद गुरुचरण सिंह के चेहरे पर हंसी और खुशी देश फैंस भी काफी उत्साहित हैं। एक्टर ने यह वीडियो सिंगर मीका सिंह के साथ शेयर किया है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम गुरुचरण सिंह पिछले दिनों अपनी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण चर्चा में रहे। यह भी खबर आई कि वह आर्थकि तंगी से जूझ रहे हैं। उन्होंने लंबे समय तक खाना-पीना छोड़ दिया था। लेकिन अब उनकी तबीयत ठीक है और वह नए प्रोजेक्ट हासिल करने में जुटे हुए हैं। गुरुचरण सिंह को सिंगर मीका सिंह का सपोर्ट मिला है। एक्टर ने सिंगर के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों भांगड़ा वाले बीट पर एक-दूसरे से मुलाकात करते दिख रहे हैं। फैंस भी गुरुचरण सिंह को इस तरह मुस्कुराता हुआ देख काफी खुश हैं और बलाएं ले रहे हैं। गुरुचरण सिंह ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो शेयर किया है। इसमें गुरुचरण, मीका सिंह से मिलने पहंचे हैं और वहां उनका स्वागत पूरे पंजाबी स्वैग में होता है। पीछे से ढोल की थाप सुनाई दे रही है। भांगड़ा वाला अंदाज है। वीडियो में गुरुचरण काफी खुश नजर आ रहे हैं, वह सिंगर से फैंस की मुलाकात करवाते हुए कहते हैं, 'किंग ऑफ किंग मीका सिंह।'



# 'अफसोस नहीं, मैं तो भारतरत्न पाना चाहता हूं'

**नई दिल्ली।** सिंगर उदित नारायण ने लाइव कॉन्सर्ट में एक फीमेल फैन को किस किया, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। अब सिंगर ने इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें अपने किए पर जरा भी पछतावा नहीं है। यहां तक कि वो लता मंगेशकर की तरह ही भारत रत्न पाना चाहते हैं। सिंगर उदित नारायण के लाइव कॉन्सर्ट में फीमेल फैन को किस करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद से उन्हें ऑनलाइन भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर कई क्लिप वायरल हो गए जिसमें उदित नारायण 'टिप टिप बरसा पानी' पर परफॉर्म कर रहे हैं, तभी उनकी फीमेल फैन उनके साथ सेल्फी लेने के लिए मंच के पास आईं। तस्वीरें क्लिक करने के बाद सिंगर उनके होठों पर किस करते हैं। रविवार को उन्होंने कहा, 'क्या मैंने कभी खुद को, अपने परिवार या अपने देश को शर्मिंदा करने के लिए कुछ किया है? तो फिर मैं अपने जीवन के इस पड़ाव पर अब कुछ क्यों करूंगा जब मैंने सब कुछ हासिल कर लिया है? मेरे फैंस और मेरे बीच एक गहरा, प्योर और अटूट बंधन है।



# 50 मशहूर गानों की कहानी बयां करती है 'तेरी दीवानी'

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर कैलाश खेर ने हाल ही में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी पहली किताब 'तेरी दीवानी: शब्दों के पार' को भी लॉन्च किया। इस लॉन्च इवेंट में कैलाश खेर के साथ संजय के रॉय और वैशाली माथुर भी शामिल हुए। अपनी किताब में उन्होंने अपने लोकप्रिय गानों के पीछे की कहानी को बताया है। कैलाश खेर की यह किताब उनके शुरुआती संघर्षों, म्यूजिक इंडस्ट्री में उनके सफर और पसंदीदा गीतों की पीछे की कहानी और झलक पेश करती है। व्यक्तिगत किस्सों और अनुभवों के माध्यम से कैलाश ने उनके जीवन को आकार देने वाले गीतों के बारे में बताया है। इस किताब में उनके 50 लोकप्रिय गानों के पीछे की अनकही कहानी को कहा गया है, जिसमें 'सैयां', 'तेरी दीवानी' और 'अल्लाह' के बंदे शामिल हैं। कैलाश खेर ने इंस्टाग्राम पर अपनी बुक लॉन्च की एक झलक साझा की। दिग्गज सिंगर ने कैप्शन में लिखा, 'तेरी दीवानी हमेशा से एक गीत से बढ़कर रहा है। यह एक भावना है। अब जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में 'तेरी दीवानी: शब्दों के पार' के लिए प्यार देखना वाकई खास है!



# शिक्षा पर आधारित ये फिल्में आपके अंदर भर देंगी जोश

## शिक्षा से जुड़ी कई फिल्में बनी हैं बॉलीवुड की दुनिया में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दुनिया में शिक्षा से जुड़ी कई फिल्में बनी हैं। हम आपको बताते हैं ऐसी ही कुछ फिल्मों के बारे में।

### निल बटे सन्नाटा

अश्विनी अय्यर तिवारी निर्देशित फिल्म निल बटे सन्नाटा साल 2015 में रिलीज हुई थी। फिल्म में स्वरा भास्कर ने चंदा सहाय नामक एक हाई-स्कूल ड्रॉप-आउट घरेलू नौकरानी की भूमिका निभाई है, जो अपनी बेटी को पढ़ाई के लिए बहुत सी जद्दोजहद करती है और आखिरी में खुद भी बेटी के साथ स्कूल पढ़ने जाती है।



### चॉक एंड डस्टर

साल 2016 में जूही चावला की इस फिल्म ने शिक्षा के नवीनीकरण के बारे में बताते हुई, इसकी खामियों को उजागर किया था। फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी भी नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन जयंत गिलाटर ने किया था।

### पाठशाला

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म शाहिद कपूर, आयशा ताकिआ, श्रद्धा आर्य, अली हाजी, सुशांत सिंह और नाना पाटेकर नजर आए थे। यह फिल्म स्कूल की कहानी है, जो भारतीय शिक्षा प्रणाली और इसकी कमियों के बारे में बताता है।

### इंग्लिश विंग्लिश

श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश फिल्म को गौरी शिंदे ने निर्देशित किया है। फिल्म शुरू होती है एक हाउसवाइफ शशि की सामान्य जिंदगी से, जो अपने पति से हमेशा अंग्रेजी न आने के ताने सुनती रहती है। इस चीज शशि अपनी भतीजी की शादी के लिए विदेश जाती है। अपने पति और बेटी को उसकी अंग्रेजी कौशल की कमी का मजाक उड़ाने से रोकने के लिए एक अंग्रेजी बोलने वाले कोर्स में दाखिला लेती है।

### 3 इडियट्स

आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी की फिल्म '3 इडियट्स' में शिक्षण व्यवस्था, युवा मन और अलग-अलग करियर के रुझानों को लेकर कहानी बनाई गई है। साल 2009 में आई फिल्म तीन इंजीनियरिंग के छात्रों की कहानी है, जो परिवार की इच्छा के कारण इस प्रोफेशन की पढ़ाई करने और प्रेशर में काम करने को मजबूर होते हैं। आमिर खान के रूप में उन्हें एक ऐसा दोस्त मिलता है जो अपने करियर और रुझान के बारे में परिवार से बात करने और उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करता है।

स्त्री 2 किल ने भी मारी बाजी

# आईफा अवॉर्ड्स में लापता लेडीज-भूल भुलैया को मिले सबसे ज्यादा नामांकन

एजेंसी ⏭ मुंबई

किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' और हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' और 'स्त्री 2- सरकटे का आतंक' को अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार 2024 में लोकप्रिय श्रेणियों में सबसे ज्यादा नामांकन मिले हैं। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। किरण राव की 'लापता लेडीज' नौ नामांकन के साथ सबसे आगे है, जबकि अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित 'भूल भुलैया 3' सात नामांकन और अमर कौशिक की 'स्त्री 2- सरकटे का आतंक' छह नामांकन के साथ तीसरे स्थान पर है।




### जयपुर में होगा आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन

जयपुर में 8 और 9 मार्च के बीच आयोजित होने वाले आईफा अवॉर्ड्स के रजत जयंती संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, संगीत निर्देशन और पार्श्व गायक की 10 श्रेणियों में सिनेमेटिक एक्सीलेंस को सम्मानित किया जाएगा।

### इन फिल्मों को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का नामांकन

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नामांकित हैं 'लापता लेडीज', 'भूल भुलैया 3', 'स्त्री 2 - सरकटे का आतंक', 'किल', 'आर्टिकल 370', और 'शैतान'। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में दौड़ में किरण राव, निखिल नागेश भट, कौशिक, सिद्धार्थ आनंद, अनीस बज्मी और आदित्य सुहास जांभले शामिल हैं।

### सर्वश्रेष्ठ अभिनय श्रेणी की रेस में ये सितारे

स्पर्श श्रीवास्तव, राजकुमार राव, कार्तिक आर्यन, अभिषेक बच्चन और अजय देवगन को सर्वश्रेष्ठ अभिनय श्रेणी में नामांकित किया गया है। सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के पुरस्कार के लिए छाया कदम, विद्या बालन, जानकी बोदीवाला और ज्योतिका और प्रियामणि प्रतिस्पर्धा में हैं। रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, फरदीन खान, राजपाल यादव और मनोज पाहवा ने सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नामांकन हासिल किया है।

### कौन जीतेगा नकारात्मक भूमिका का पुरस्कार?

नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नामांकित हैं- राघव जुयाल, आर माधवन, गजराज राव, विवेक गोम्बर और अर्जुन कपूर। सचिन-जिगर और तनिष्क बागची को सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन श्रेणी में दो-दो नामांकन मिले हैं। सचिन-जिगर को 'स्त्री 2' में उनके व्यक्तिगत काम के लिए नामांकित किया गया है। तनिष्क बागची को 'भूल भुलैया 3' के लिए प्रीतम, लिजो जॉर्ज, सचेत - परंपरा, डीजे चेतस, आदिया रिखारी और अमाल मलिक के साथ नामांकित किया गया है।

# फरवरी में पर्दे पर किस्मत आजमाएंगे ये बॉलीवुड सितारे

**नई दिल्ली।** फरवरी में विक्की कौशल, हिमेश रेशमिया, अर्जुन कपूर समेत कई अन्य सितारे अपनी नई फिल्मों के साथ पर्दे पर धमाल मचाने आ रहे हैं।

**बैडेस रवि कुमार:** हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडेस रवि कुमार' 7 फरवरी को रिलीज होगी। यह एक एक्शन-म्यूजिकल फिल्म है, जिसमें हिमेश रेशमिया ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी रवि कुमार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें प्रभु देवा, कीर्ति कुल्हारी और सनी लियोनी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर पहले ही दर्शकों में खासा उत्साह पैदा कर चुका है।



**छावा :** विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। फिल्म में विक्की कौशल ने मुख्य भूमिका निभाई है। 'छावा' को मैडॉक फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया गया है।

### मेरे हस्बैंड की बीवी

*'मेरे हस्बैंड की बीवी' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह 21 फरवरी को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। इससे पहले वह 'पति, पत्नी और वो' जैसी हिट फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

# नोएडा के सीईओ नाराज, प्रबंधक का रोका वेतन, उप महाप्रबंधक को नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा.लोकश एम प्राधिकरण के अधिकारियों के कामकाज के



तरीकों से नाराज हैं। सोमवार को उन्होंने नोएडा के सेक्टर-166 और सेक्टर-167 का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पानी की लाइन के लिए डाले गए गडडे को खुला देखकर नाराजगी जताई और जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक का वेतन रोकने के निर्देश दे दिए।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा.लोकश एम ने शहर में किए जा रहे विकास कार्यों को सोमवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सेक्टर-166 के ग्राम नलगढा तथा सेक्टर-166 का निरीक्षण किया। इन दोनों सेक्टरों के बीच रोड पर सीवर लाइन डालने के काम में देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने सेक्टर-136 में डाली गई पानी की लाइन का निरीक्षण किया। मौके पर काम बंद पाया गया तथा लाइन डालने के लिए जो खुदाई की थी उन गडडों को भरा नहीं गया था। पिछले एक साल से अधिकारियों को निर्देषित किया जा रहा है कि नोएडावासियों को पीने के पानी की आपूर्ति कराई जाए लेकिन अधिकारी बिना कार्य योजना तैयार किए कार्य में देरी कर रहे हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सीईओ ने जल विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक पीसी सेन का वेतन रोकने तथा प्रबंधक मोहम्मद अनस को प्रतिकूल प्रविष्ठि देने के निर्देश दिये।

सीईओ ने पिछले दिनों एक्सप्रेसवे के सेक्टर-136-137का निरीक्षण किया था तथा चौराहों के उचित रखरखाव के निर्देश उप महाप्रबंधक सिविल को दिए थे। सोमवार को दोबारा निरीक्षण के दौरान चौराहे व्यवस्थित मिले। एक्सप्रेसवे पर उगी हुई झाड़ियों व पेड़ों की कटाई नहीं हुई थी तथा कूड़ को उठाया नहीं गया था इस पर सीईओ ने उप महाप्रबंधक सिविल को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।

# फिटजी के मालिकों पर हो कड़ी कार्यवाही : एबीवीपी

## संगठन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप जताई नाराजगी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कोचिंग संस्थान फिटजी के अचानक बंद होने से सैकड़ों छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।



बिना किसी पूर्व सूचना के कक्षाएं बंद कर दिए जाने से छात्रों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि फिटजी के बंद होने से हजारों छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। बिना सूचना के कक्षाएं अचानक बंद कर दी गईं।

2024-26 सत्र के छात्रों से दो वर्षों की पूरी फीस पहले ही वसूली जा चुकी थी। संस्थान बंद होने के कारण छात्रों के पास कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। स्टाफ ने फोन बंद कर दिए, जिससे अभिभावकों को कोई जानकारी नहीं मिल पाई। सिर्फ एक व्हाट्सएप संदेश भेजकर बताया गया कि स्टाफ वेतन न मिलने के कारण इस्तीफा देकर चले गए हैं।

एबीवीपी ने मांग की है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर जल्द समाधान निकाला जाए। संस्थान के प्रबंधकों और शाखा प्रमुखों पर कड़ी कार्रवाई हो, क्योंकि उन्होंने अभिभावकों को गुमराह किया। यदि कोर्स दोबारा शुरू नहीं होता, तो सभी अभिभावकों को पूरी फीस वापस की जाए। जिलाधिकारी ने इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

एबीवीपी के मेरठ प्रांत मंत्री गौरव गौड़ ने कहा कि एबीवीपी हमेशा छात्रों और अभिभावकों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगा।

# फेयरडील कार्स का सर्विस सेंटर सील

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा



के निर्देशों के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट नोएडा विवेकानंद मिश्र ने ए-107 नोएडा सेक्टर 05 में संचालित मैसर्स फेयरडील कार्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सर्विस सेंटर को पर्यावरणीय नियमों एवं बंदी आदेश की लगातार अवहेलना करने के कारण सील किया है।

नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि मै0 फेयरडील कार्स प्रा0लि0, ए-107, सेक्टर-5, नोएडा के सर्विस सेंटर का पूर्व में निरीक्षण के दौरान जल अधिनियम 1974 के प्रावधानों का उल्लंघन होता पाया गया था, जिसकी दृष्टिगत सर्विस सेंटर के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी किया गया, जिसका इनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया और इनको 12,75000 रू की पर्यावरण में क्षतिपूर्ति अधिरोपित करते हुए बंदी आदेश निर्गत किए गए। राज्य बोर्ड द्वारा निर्गत बंदी आदेश के अनुपालन में इकाई का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया था।

इस सर्विस सेंटर का जब दोबारा निरीक्षण किया गया तो इसका संचालन डीजी सेट के माध्यम से होता पाया गया एवं मौके पर ही डीजी सेट को सील किया गया था। इस इकाई द्वारा अन्य डीजी सेट की स्थापना कर इकाई का संचालन किया गया, इसलिए कंपनी के सर्विस सेंटर को आज पर्यावरण नियमों एवं बंदी आदेश की लगातार अवहेलना करने के कारण सील करने की कार्रवाई की गई है।

# अर्पित मिश्रा की काव्यांजलि ने विश्व पुस्तक मेले में मचाई धूम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** विश्व पुस्तक मेले के शुभारंभ के प्रथम



दिन अर्पित मिश्रा द्वारा रचित काव्यांजलि ने धूम मचा दी। इस मौके पर अर्पित मिश्रा ने आधुनिक युग की रचनाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

अर्पित मिश्रा ने कहा आधुनिक तकनीकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस निश्चित रूप से लेखकों, कवियों के लिए एक सहायक की भूमिका तो निभा सकता है परंतु उनका प्रतिबिंब नहीं बन सकता।

उन्होंने बताया कि विशेष कर कविताओं के समायोजन के लिए लेखक को विषय का ज्ञान होने के साथ-साथ यदि किसी व्यक्ति अथवा स्थिति से तुलना कर रहे हैं तो उसका भी पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। तत्पश्चात ही अच्छी ज्ञानवर्धक कविताओं का सृजन संभव हो सकता है और यह सब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संभव नहीं इसके लिए व्यक्ति को स्वाध्याय की आवश्यकता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लेखन की त्रुटियों को जांचने में मदद कर सकता है। लेख को संग्रह करने में मदद कर सकता है परंतु लेखक की वैचारिक स्वतंत्रता को कभी नहीं प्राप्त कर सकता। विश्व पुस्तक मेले में अर्पित मिश्रा ने पाठकों को अपने हस्ताक्षर करके काव्यांजलि प्रधान की।

# विकसित भारत की दिशा में बढ़ाने वाला है ये बजट: नवाब सिंह नागर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** केन्द्रीय वित्तमंत्री द्वारा 1 फरवरी को



वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया गया था। बजट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे देश का अर्थव्यवस्था मजबूत करने वाला बजट बताया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर के इस बजट को मध्यम वर्ग,किसानों,छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन को बढ़ावा देकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में ये महत्वपूर्ण बजट है। गरीब, युवा, किसान एवं महिलाओं को देश की चार जातियां बताने वाली मोदी सरकार ने मुख्य रूप से दस क्षेत्रों में परिवर्तनकारी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है जिससे आने वाले समय में देश एक मजबूत अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ेगा।

# नन्हक फाउंडेशन ने धूमधाम से मनाई बसंत पंचमी



**ग्रेटर नोएडा।** बसंत ऋतु के आगमन पर बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) का त्यौहार ग्रेटर नोएडा में नन्हक फाउंडेशन के एजुकेशन सेंटर पर बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईटा-1 में स्थित फाउंडेशन में कमजोर आर्थिक परिवार के बच्चे न केवल निशुल्क सर्वांगीण शिक्षा प्राप्त कर रहे है, बल्कि उन्हें पाठ्य सामग्री ड्रेस एवं उनकी जरूरत के समान दिए जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा -आराधना से हुआ। बच्चों ने उम्दा नृत्य एवं संगीत के कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा समाजसेवी विकास सक्सेना एवं विजन हेल्थ फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने बच्चों को आर्शीवचन दिया।

रेनू मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सचिव ने संजय श्रीवास्तव एवं रोहित प्रियदर्शन ने बच्चों एवं सभी अभिभावकों को भी मां सरस्वती के आशीर्वाद स्वरुप पेन एवं पेंसिल प्रदान की।

इस अवसर पर म्यूजिक गुरु आनंद मिश्रा, प्रियंका मिश्रा, रोहित प्रियदर्शन, म्यूजिक गुरु उपेंद्र कुमार, सौरभ, एसपी गर्ग, रश्मि गर्ग, पूनम सिंह, सत्येंद्र, मनीष श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, विद्या जी एवं अन्य गणमान्य अतिथि तथा बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

# 16 साल पहले मासूम बच्चे का बेहरमी से किया था कत्ल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में 16 पहले अवैध संबंध के चलते एक 2 साल के मासूम बच्चे की हत्या करने वाले दरिंदे को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

## सेक्टर-62 से नोएडा पुलिस ने किया गिरफ्तार

है। दरिंदे ने मासूम की जमीन पर पटक कर बेहरमी से हत्या कर दी थी। पुलिस पिछले 16 साल से उसकी तलाश कर रही है। दो साल के बच्चे की हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश को नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। आरोपी का बच्चे की माँ से अवैध संबंध थे।

नोएडा के एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि 10 जुलाई 2009 को अशोक कुमार ने थाना 58 में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके 2 वर्ष के पुत्र अमित विश्वास की हत्या संजय ने बिजली का करंट लगाने के बाद जमीन पर



पटक कर कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर संजय की तलाश की तो वह फरार हो गया और लगातार फरार चल रहा था। उसपर ढाई हजार इनाम भी घोषित किया था। इस बीच पुलिस कमिश्नरेट की ओर से वांछित अपराधियों के तलाश के लिए टीम में गठित की गई थी. संजय की तलाश के लिए भी दो टीम गठित की गई थी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस के माध्यम से आखिरकार संजय को सेक्टर 62 से गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पुलिस ने उसके घर की कुर्की भी की थी। इसके खिलाफ धारा 174ए के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था, लेकिन यह पुलिस की गिरफ्त से दूर था।

उन्होंने बताया कि नोएडा की थाना सेक्टर-58 पुलिस ने सोमवार को एक सूचना के आधार पर संजय पुत्र रामसेवक मूल निवासी जनपद चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि नोएडा के मामूरा गांव के श्रमिक कुंज में रहने वाले दो वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में वर्ष 2009 से फरार चल रहा था।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार संजय ने नोएडा पुलिस को बताया है कि उसका मृतक अमित विश्वास की मां से अवैध संबंध थे। घटना वाले दिन किसी बात को लेकर आरोपी और मृतक की मां से विवाद हुआ। उसने आक्रोश में आकर बच्चे की पटक कर हत्या कर दी, तथा फरार हो गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

